26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 4 जनवरी, 2026

अंक- 72 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

# उत्तर प्रदेश में सिंचाई क्रांति

## तीन बड़ी सिंचाई परियोजनाओं के लिए नाबार्ड ने स्वीकृत की धनराशि

### बुंदेलखंड में अर्जुन नहर, पूर्वांचल के लिए सरयू नहर और पश्चिमी यूपी में मध्यगंगा परियोजना चरण-2 का होगा निर्माण

-देवराज सिंह

लखनऊ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में सिंचाई क्षमता का पूर्ण विकास करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से प्रदेश ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की दीर्घकालिक सिंचाई कोष योजना (एटीआईएफ) के तहत प्रदेश में 3 बड़ी नहर परियोजनाओं के विकास कार्य के लिए नाबार्ड की ओर से 6,431.34 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत बुंदेलखंड क्षेत्र में अर्जुन सहायक नहर, पूर्वांचल के क्षेत्र में सरयू नहर और संभल, मुरादाबाद, अमरोहा जनपद में मध्य गंगा नहर परियोजना के दूसरे चरण का निर्माण किया जाएगा। ये परियोजनाएं पूर्वी, पश्चिमी यूपी में बाढ़ नियंत्रण के साथ बुंदेलखंड के सूखा प्रभावित क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का विकास करने के साथ कृषि उत्पादन और उत्पादन क्षेत्र दोनों में बढ़ोतरी लाएंगी। साथ ही नदियों के चैनलाइजेशन से ग्लोबल वार्मिंग की चुनौति का समाना करने में भी प्रदेश को



सक्षम बनाएगीं। इस क्रम में तीसरी परियोजना मध्य गंगा चरण-2 को स्वीकृति मिली है, जिसके लिए नाबार्ड ने 3,178.04 करोड़ रुपये स्वीकृत किए है। मध्य गंगा चरण-2 के तहत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संभल, मुरादाबाद और अमरोहा जिले विशेषतौर पर लाभान्वित होंगे। परियोजना के निर्माण से गंगा बेसिन के क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई क्षमता में अभूतपूर्व सुधार होगा। नाबार्ड के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से उत्तर प्रदेश के पूर्वी, पश्चिमी और बुंदेलखंड में सिंचाई व्यवस्था के साथ कृषि और संबद्ध क्षेत्र से जुड़े किसानों की आय बढ़ेगी। साथ ही ही ग्लोबल वार्मिंग के संकट का सामना करने में भी प्रदेश को सक्षम बनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक इन परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश में न केवल कृषि उत्पादन और उत्पादन क्षेत्र बढ़ेगा, साथ ही पेय जल संकट दूर होगा, मत्स्य पालन में बढ़ोत्तरी होगी। केंद्र सरकार की दीर्घकालिक सिंचाई कोष योजना के तहत नाबार्ड के सहयोग से देश के 18 राज्यों में 99 मध्यम और प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण और क्षमता विस्तार किया जा रहा है।

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये

**सिद्धार्थ ज्वैलर्स**

गवर्नमेंट अप्रूव्ड

गोल्ड टेस्टिंग मशीन



अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं



अन्य सेवाएं-
- 100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
- डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
- 22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी

सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

## लखनऊ में एआई सिटी बनेगी वैश्विक टेक हब

लखनऊ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश देश के बड़े तकनीकी और डिजिटल केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा जिस दूरदर्शी विकास मॉडल को अपनाया गया है, उसका अगला बड़ा गंतव्य लखनऊ में प्रस्तावित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिटी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता के नाम अपने पत्र में भी एआई सिटी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया था। यह प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश की आर्थिक दिशा को नई गति देने के साथ-साथ प्रदेश को वैश्विक टेक मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाने का भी काम करेगा। एआई सिटी को दो हिस्सों में विकसित किया जाएगा।

**माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

निकट भारत पेट्रोल पम्प मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर

7983187749
8755001105

आपके शहर बिजनौर में पहली बार

एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर

(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)



डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ

24/7 SERVICE

आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन

परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक

उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर



## राशिफल

## विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 5 जनवरी 2026**

मेष- आज दिन 9/49 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, स्वयं का निर्णय हितकर, यश में वृद्धि, शेष समय अशुभ, प्रगति में अवरोध, वैवाहिक अड़चनें, अकेलेपन की अनुभूति।

वृषभ- उन्नति का मार्ग प्रशस्त, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, जीवन साथी से सामंजस्य, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, वरिष्ठजनों से सम्पर्क।

मिथुन- पराक्रम में वृद्धि, परिस्थितियां अनुकूल, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, सुसंदेश की प्राप्ति, सद्विचारों का उदय, आनन्द की अनुभूति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।

कर्क- आज दिन 9/43 बजे तक कार्यों में गतिरोध, समस्याएं प्रभावी, मानसिक तनाव, यात्रा दुखद, शेष समय उन्नतिकारक, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, भोग-विलासिता में रुचि।

सिंह- आज दिन 9/43 बजे तक आर्थिक प्रगति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, मान-सम्मान में वृद्धि, शेष समय में जोखिम से नुकसान, पारिवारिक उलझनें, विवाद की आशंका।

कन्या- कार्य-व्यवसाय अर्थ-पक्ष में उन्नति, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, जीवन साथी से सानिध्य, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आनन्द की अनुभूति।

तुला- अधूरे कार्यों की पूर्ति, पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, आशानुकूल घटना घटित, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, पठन-पाठन में अभिरुचि, मानसिक राहत, यात्रा सुखद।

वृश्चिक- आज दिन 9/43 बजे तक आशा के विपरीत, स्वजनों से विवाद, सम्बन्धों में कटुता, कष्ट भी, शेष समय शुभ फलदायी, महत्वपूर्ण उपलब्धि, मंगलकृत्य सम्पन्न।

धनु- आज दिन 9/43 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, विचारित कार्यों में उन्नति, नवसम्पर्क का सुयोग, शेष समय कष्टकर, प्रेमसम्बन्धों में कटुता, वाहन से कष्ट।

मकर- दिनमान अनुकूल, आपसी सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, राजनैतिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर।

कुम्भ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, पारिवारिक खुशी, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, महत्वपूर्ण सफलता।

मीन- आज दिन 9/43 बजे तक व्यावसायिक हानि, सहयोगियों से असहयोग, प्रियजनों से मतभेद, शेष समय बेहतर, आशानुकूल घटनाएं घटित, प्रसन्नता भी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से बेटियों को शिक्षा और सुरक्षा का संबल

## सरकार की इस पहल से 27 लाख बेटियों का भविष्य हो रहा सशक्त

लखनऊ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में बालिकाओं के कल्याण और सशक्तिकरण को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गंभीरता से काम कर रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से सरकार ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि बेटियां बोझ नहीं बल्कि समाज की ताकत हैं। इस योजना के द्वारा लगभग 27 लाख बेटियों का भविष्य सशक्त हो रहा है। योजना का उद्देश्य प्रदेश में लैंगिक समानता स्थापित करना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना और बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना है।




### 27 लाख पात्र बालिकाएं लाभान्वित

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 27 लाख पात्र बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। इस पर राज्य सरकार ने कुल 647.21 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की गई है। यह आंकड़े बताते हैं कि योजना केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू की जा रही है। बड़ी संख्या में लाभार्थियों तक सहायता पहुंचना सरकार की प्रशासनिक प्रतिबद्धता और पारदर्शी व्यवस्था को दर्शाता है।

### 130.03 करोड़ रुपये की धनराशि दी गई

सरकार ने योजना के लिए पर्याप्त बजट सुनिश्चित किया है। इस वर्ष 3.28 लाख लाभार्थियों को 130.03 करोड़ रुपये की धनराशि योजना के अंतर्गत दी गई है। यह दर्शाता है कि योगी सरकार बालिकाओं के कल्याण को दीर्घकालिक नीति के रूप में आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आज प्रदेश में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और शैक्षिक सशक्तिकरण की पहचान बन चुकी है और सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### लैंगिक समानता की दिशा में सरकार का ठोस कदम

**वर्ष 2019 में शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत ऐसे परिवारों की बालिकाओं को लाभ दिया जा रहा है, जिनके परिवार उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं। पात्रता की शर्तों के अनुसार परिवार की वार्षिक आय 3.00 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए और परिवार में अधिकतम दो बच्चे होने चाहिएं। योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक कारणों से किसी भी बालिका की शिक्षा या विकास बाधित न हो और परिवारों को बेटियों के पालन पोषण में सहयोग मिल सके।**

# मुख्यमंत्री योगी से मिले सीआईआई के प्रतिनिधि, राज्य में व्यापार और निवेश का बन रहा बेहतर माहौल

लखनऊ (चिंगारी)। बेहतर कानून व्यवस्था और स्थिर प्रशासनिक माहौल के चलते उत्तर प्रदेश अब देश भर के उद्योग जगत की पहली पसंद बनता जा रहा है। सुरक्षा, अनुशासन और निष्पक्ष शासन ने निवेशकों का भरोसा प्रदेश में मजबूत किया है। इसके परिणामस्वरूप बड़े, मध्यम और छोटे तीनों सेगमेंट के उद्योग तेजी से उत्तर प्रदेश की ओर रुख कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी, नई दिल्ली, उमाशंकर भरतिया, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, इण्डिया ग्लाइको लि., दिल्ली/नोएडा व सुनील मिश्रा ने मुलाकात कर निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विस्तार को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश का सिस्टम और गवर्नेंस मॉडल पूरी तरह बदला है। अब जमीन पर काम करना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हुआ है और परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के विजन में उद्यमी सहयोग करना चाह रहे हैं। योगी के साथ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बढ़ाने के लिए भी विचार-विमर्श किया गया। उत्तर प्रदेश पर इंडस्ट्री का भरोसा बढ़ा है। इसके साथ ही प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों और प्रोत्साहन के कारण ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि सख्त कानून-व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश का औद्योगिक वातावरण पूरी तरह बदल दिया है।

# योगी सरकार के 'साइबर कमांडो' साइबर अपराधियों का काम करेंगे तमाम

लखनऊ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने साइबर अपराधियों की कमर तोड़ने और साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए 'साइबर कमांडो' की एक विशेष टीम तैयार की है। इन कमांडो को एसपीजी और एनएसजी कमांडो की तर्ज पर देश के विभिन्न उच्च संस्थानों के एक्सपर्ट द्वारा साइबर अपराध और ठगी को रोकने के लिए ट्रेनिंग दी गयी है। जिस तरह से एनएसजी और एसपीजी कमांडो अपने कार्य क्षेत्र में दक्ष होते हैं, ठीक उसी तरह ये भी अपने कार्य क्षेत्र में दक्ष (साइबर अपराध को रोकने) हैं। इसके साथ ही साइबर कमांडो को हाइटेक टेक्नोलॉजी और टूल्स से लैस किया गया है ताकि साइबर ठगों के नेक्सेज को पूरी तरह से नेस्तनाबूद किया जा सके। साइबर/सीआईडी डीजी बिनोद कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये थे। ऐसे में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरुप अत्याधुनिक तकनीक से लैस करते हुए 'साइबर कमांडो' की विशेष टीम तैयार की गई है। इस टीम में कुल 15 पुलिसकर्मी शामिल हैं। ये साइबर कमांडो न केवल साइबर ठगी और डिजिटल अपराधों पर लगाम लगाएंगे, बल्कि आम नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। इन साइबर कमांडो की संरचना और प्रशिक्षण एसपीजी और एनएसजी कमांडो की तर्ज पर दिया गया है। जिस तरह देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के लिए विशेष बल कार्य करते हैं, उसी प्रकार साइबर कमांडो डिजिटल दुनिया में अपराधियों के खिलाफ मोर्चा संभालेंगे। उन्होंने बताया कि इन 15 साइबर कमांडो को तैयार करने में देश के प्रतिष्ठित तकनीकी और सुरक्षा संस्थानों की विशेषज्ञता ली गई है। इन्हें आईआईटी कानपुर, नया रायपुर, मद्रास और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू), गुजरात के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

**एसपीजी और एनएसजी कमांडो की तर्ज पर तैयार किये गये साइबर कमांडो**

# सावित्रीबाई फुले का जीवन शिक्षा, समानता और नारी सशक्तिकरण का प्रतीक- योगी

लखनऊ (चिंगारी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान समाज सुधारक क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने अपने साहस, संघर्ष और दूरदर्शिता से समाज में शिक्षा, समानता और महिला अधिकारों की अलख जगाई। उनका जीवन सामाजिक परिवर्तन और मानवीय गरिमा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए आजीवन संघर्षरत रहीं सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में महिलाओं और वंचित वर्गों की शिक्षा के लिए आवाज बुलंद की, जब समाज में इसके लिए अनेक बाधाएं थीं। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम माना और इसी विश्वास के साथ जीवन भर कार्य किया। गौरतलब है कि हर वर्ष 3 जनवरी को देशभर में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई जाती है। वे न केवल भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं, बल्कि महान समाजसेविका और नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता भी थीं। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा के द्वार खोले और समाज के वंचित, दलित, पीड़ित और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए पुरजोर संघर्ष किया। सावित्रीबाई फुले अपने समय से बहुत आगे थीं। उन्होंने कुरीतियों और भेदभाव के खिलाफ मुखर होकर आवाज उठाई और समाज सुधार की मजबूत नींव रखी। उनका संपूर्ण जीवन महिलाओं और वंचित तबकों के उत्थान के लिए समर्पित रहा, जो आज भी समाज को प्रेरणा देता है। सावित्रीबाई फुले का योगदान देश की सामाजिक चेतना में अमिट है और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनका जीवन प्रेरणास्रोत बना रहेगा।



26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 4 जनवरी, 2026

# हाय! भूख और सर्दी से दम तोड़ रही हैं गाय





**बढ़ापुर ( चिंगारी ) गौवंश दुर्दशा की यह भयावह तस्वीर नगर से सटी ग्राम पंचायत सिक्का वाला के अधीन चल रही गौशाला की है जहां भोजन की कमी, कड़ाके की ठंड से बचाव का कोई इंतजाम न होने व बीमार गायों को उपचार न मिलने से गौवंश खुले आकाश के नीचे तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं। गंभीर रूप से बीमार तीन गायों को एक सप्ताह से उपचार न मिलने के चलते वह मरणासन्न स्थिति में पहुंच गई है।**

गौरतलब है कि नगर से सटा मौजा खन्नावाला दहला वाली ग्राम पंचायत सिक्का वाला के अंतर्गत आता है। इसी मौजा में गौशाला की 84 बीघा भूमि बताई जाती है। इस भूमि के मात्र चार से पांच बीघा में गौशाला बनी है शेष भूमि पर फसल लहलहा रही है। गौशाला में नियुक्त गौ रक्षक नरेश बताते हैं कि वर्तमान में गौशाला में 73 गोवंश मौजूद है। जिनमें से दो गाय गंभीर रूप से बीमार है। दोनों गाय एक सप्ताह से अधिक समय से खाने-पीने और खड़े होने की स्थिति में नहीं है।नरेश के अनुसार 28 दिसंबर को पशु चिकित्सक ने बीमार गायों को अंतिम बार दवाई दी थी उसके बाद उन्हे कोई उपचार नहीं मिल सका है।इन गायों के अतिरिक्त एक वर्ष का एक बछड़ा भी बीमारी के कारण खड़ा नहीं हो पा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गौशाला में मौजूद अधिकतर गोवंश भोजन के अभाव में बहुत दुर्बल और लड़खड़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसकी वजह यह है कि गौशाला में मौजूद गौवंश को इस सीजन एक भी दिन हरा चारा मिला ही नहीं है।गोवंश को चारा देने वाले नरेश बताते हैं कि चारे में गोवंश को केवल भूसा दिया जा रहा है हरा चारा गौशाला में आया ही नहीं है।

गौशाला में बद इंतजामी का यह आलम है कि कड़ाके की सर्दी में टीन शेड के नीचे चारों ओर तिरपाल टंगा हुआ है गोवंश के बैठने के लिए भी उनके नीचे पत्ती वगैरा नहीं पड़ी है। इसके अतिरिक्त एक भी गोवंश के शरीर पर ठण्ड से बचने के लिए झूल नहीं है।सर्द हवाओं की चपेट में आने से गौशाला में मौजूद सभी गोवंश कप कंपाते हुए दिखाई दे रहे है। गौशाला में गोवंश की ऐसी स्थिति देखकर ऐसा महसूस हो रह है मानो उनका यहां संरक्षण नहीं बल्कि उन्हें कठोर सजा दी जा रही है।

## एक गाय को प्रतिदिन साढ़े तीन किलो भूसा मिल रहा है

ग्राम प्रधान अंकित सैनी के अनुसार गौशाला में 90 कुंतल भूसा 35 दिन चलता है। इस हिसाब से गौशाला में मौजूद 73 गोवंश को चारे के नाम पर प्रतिदिन प्रति गाय मात्र साढ़े तीन किलोग्राम भूसा ही मिल पा रहा है जबकि एक गाय प्रतिदिन औसतन 20 से 25 किलोग्राम हरा चारा खा लेती है। ऐसी स्थिति में गौशाला में चारे के अभाव में गोवंश की दयनीय स्थिति होने के साथ बहुत दुर्दशा हो रही है।

## गौशाला की भूमि पर खड़ी फसल कौन खा रहा है?

गौशाला की करीब 80 बीघा भूमि पर हरी भरी फसल लह लहा रही है जबकि गौशाला में मौजूद गोवंश को हरे चारे का एक भी तिनका नहीं मिलने के चलते वह भूखे तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं।गौशाला की भूमि पर पैदा हो रही फसले जब गोवंश के लिए नहीं तो फिर वह फसलें कहां जा रही है। गौशाला में मौजूद गोवंश को अगर इस भूमि पर चरने के लिए भी छोड़ दिया जाए तब न तो बाहर से चारा खरीदने के जरूरत पड़ेगी ओर न ही गोवंश भूख से तड़प-तड़प कर मरेंगे। विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष बढ़ापुर निवासी लाल सिंह कश्यप गौशाला में गोवंश की दुर्दशा को देखकर दुखी मन से कहते हैं कि यहां गोवंश पर अत्याचार हो रहा है। भूख, ठंड और बीमारी मे उपचार के अभाव से गोवंश तड़प-तड़प कर मर रहे हैं। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष रघुनाथ पाल का आरोप है कि गौशाला में भूख और बीमारी से लगातार गाय मर रही हैं। उनका आरोप है कि कुछ माह के भीतर ही गौशाला में लगभग 15 गोवंश की मौत हो चुकी हैं। उनका आरोप है कि जिन लोगों ने गौशाला की भूमि पर कब्जा कर फसलें बो रखी है अगर वह भूमि को गोवंश के लिए छोड़ दे तब एक भी गोवंश की भूख से मौत नहीं होगी। गौशाला में गायों की दुर्दशा के संबंध में ग्राम प्रधान अंकित सैनी ने बताया कि गोवंश के लिए हर महीने 90 कुंतल भूसा खरीदा जाता है जो 35 दिन चलता है। फिलहाल गोवंश को भूसा ही दिया जा रहा है। जब उनसे पूछा गया कि हरा चारा क्यों नहीं दिया जा रहा तब उन्होंने कहा कि कल से व्यवस्था में सुधार कर दिया जाएगा।



लाल सिंह कश्यप रघुनाथ पाल

कोतवाली ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी ज्योति चौधरी से बीमार गायों के उपचार न होने के संबंध में जब सवाल पूछा गया तो उनका कहना है उपचार तो चल रहा है। उन्होने इस संबंध में पशु चिकित्सक से बात करने और मौके पर पहुंचकर उचार कराने की बात कही है।

## भाजपा विधायक ने की पुलिस भर्ती में आयु-सीमा में छूट की मांग

लखनऊ ( चिंगारी )। देवरिया सदर से विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी पीएसी, जेल वार्डर एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित भर्तियों में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु-सीमा में छूट दिए जाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया है। डा त्रिपाठी ने सोशल शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मुख्यमंत्री योगी को भेजे गए पत्र को पोस्ट करते हुए यह जानकारी दी है।



# धामपुर में धूमधाम से निकला ऐतिहासिक नगर कीर्तन

## संगत और नगरवासियों ने स्वागत में बिछाये पलक पांवड़े



नगर कीर्तन का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर, नगर पालिका चेयरमैन रवि चौधरी व पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदित नारायण सिंह।

–मनोज कात्यायन

**धामपुर ( चिंगारी )।** दशमेश पिता साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 359वां पावन प्रकाशोत्सव नगर में हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर शनिवार को पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे से विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में शामिल झांकियां सिख गुरुओं के इतिहास के साथ पंजाब की सभ्यता और संस्कृति को उजागर कर रही थी।

नगर कीर्तन के स्वागत के लिए नगर की अनेक सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और समाजसेवियों ने पलक पावड़े बिछा दिए।

नगीना चौक पर बनाए गए मंच पर नगर कीर्तन का शुभारंभ जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर, उपजिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख उदित नारायण सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरचरण सिंह चावला, सरदार गुरुशरण सिंह मोहन, सरदार त्रिलोचन सिंह चावला,सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सरदार गगनदीप सिंह, सरदार जसप्रीत सिंह रॉकी, सरदार सतमीत सिंह मनी, सरदार जसप्रीत सिंह,सरदार सतवंत सिंह सलूजा, एसपी सलूजा,सनी छावड़ा आदि ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर किया। इससे पूर्व गुरुद्वारे के दीवान हॉल से एक पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहब जी को विराजमान करके नगर कीर्तन में फूलों से सुसज्जित वाहन में लाकर स्थापित किया गया।

### स. अमरजीत सिंह के आवास पर डीएम का स्वागत

नगर कीर्तन प्रारंभ होने के बाद जिलाधिकारी गुरुद्वारे के प्रधान सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट के आवास पर पहुंची जहां उनको और एसडीएम स्मृति मिश्रा को परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इसके बाद वह गुरुद्वारे के दीवान हॉल में पहुंची और माथा टेका।






जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को सम्मानित करते हुए श्री गुरु सिंह सभा के पदाधिकारी।



## गुरुओं से प्रेरणा लेनी चाहिए- डीएम

पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिला अधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने कहा कि धामपुर में निकलने वाला नगर कीर्तन जनपद बिजनौर में अपना एक विशेष स्थान रखता है। यहां की गुरुद्वारा कमेटी ने मुझे यहां आर्मंत्रित कर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने का मौका दिया ।

उन्होंने कहा कि हमें सिख धर्म के गुरुओं के शौर्य, त्याग, बलिदान, साहस, वीरता से प्रेरणा लेकर अपने धर्म और देश की खातिर कार्य करना चाहिए। भाजपा की क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहबजादों ने देश और धर्म की खातिर अपना जीवन बलिदान कर दिया और धर्म परिवर्तन नहीं किया।










नगर कीर्तन की झांकी में शामिल बच्ची अदीरा छावड़ा।

## अखाड़ा कलाकारों ने दिखाये हैरतअंगेज करतब





नगर कीर्तन में सबसे आगे एक सुसज्जित घोड़े पर गुरु गोविंद सिंह की सेना में शामिल निहंग सिंह विराजमान थे, उनके पीछे एक वाहन में रखे नगाड़े को युवक बजाते हुए चल रहे थे।

नगर कीर्तन में शामिल साहिबजादा बाबा अजीत सिंह की गतका पार्टी के जत्थेदार सरदार जसविंदर सिंह सिडाना के नेतृत्व में अखाड़ा कलाकारों ने तलवार, गतका, बरेटी, चक्र, सीने पर रखकर बर्फ की शिवलिंग तोड़ना व बिजली की ट्यूब को तोड़ने वाले हेरात अंगेज करतब दिखाये तो दर्शक दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर हो गए। नगर कीर्तन में सिख पंथ के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी महाराज के अलावा सिख गुरुओं के इतिहास को प्रदर्शित करने वाली फ्लेक्सी भी शामिल रही।

इनके अलावा द स्कॉलर वाली स्कूल के बच्चों द्वारा प्रदर्शित की गई झांकी 'सेवा ही सच्ची पूजा है' में बच्चे हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। विद्यालय की डायरेक्टर शैलप्रीत कौर, जसप्रीत सिंह, प्रधानाचार्य सचिन सिंह बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे थे। नगर कीर्तन में शामिल भांगड़ा पार्टी के कलाकार ढोल की थाप पर भांगड़ा नृत्य कर रहे थे, जबकि पाइप बैंड के कलाकार विभिन्न प्रकार की कलाओं का प्रदर्शन कर लोगों को आकर्षित कर रहे थे।

श्री गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या कुमुद रानी के निर्देशन में सुसज्जित वेशभूषा में बच्चे गुरुवाणी कीर्तन के साथ अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। नगर कीर्तन में भाई बहते सिंह का रागी जत्था जहां शबद गुरुवाणी का कीर्तन करते हुए चल रहा था। वहीं धर्म प्रचार कमेटी श्री अमृतसर साहिब से पधारे प्रचारक ज्ञानी सतवंत सिंह खालसा व गुरु घर के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह, माता सुंदरी दल का जत्था, बेबे नानकी दल का जत्था सिख पंथ के धार्मिक ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की महिमा का गुणगान कर रहे थे।

नगर कीर्तन में शामिल चाकर गोविंद का जत्था के स्वयंसेवक सड़क पर झाड़ू लगाते हुए चल रहे थे जबकि उनके साथ साहिबजादा बाबा अजीत सिंह दल के कार्यकर्ता सड़क की पानी डालकर सफाई कर रहे थे।

नगर कीर्तन में अमृतसर से पधारे सिंगारा सिंह नर्सिंगा बजाते हुए चल रहे थे। उनके साथ सुसज्जित वेशभूषा में शामिल पंच प्यारो की अगुवाई में एक सुसज्जित वाहन में श्री गुरु ग्रंथ साहब शोभायमान रहे। वाहन में बैठे गुरुघर के सेवक लोगों को प्रसाद वितरित करते हुए चल रहे थे।

नगीना चौराहे से प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन नगर के परंपरागत मार्गों से होता हुआ पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पहुंचकर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में शामिल सिख संगत के स्वागत के लिए नगरवासियों ने पलक पांवड़े बिछा दिए और उनका विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को बांट कर स्वागत सत्कार किया।

नगर कीर्तन की सुरक्षा के लिए कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ शामिल रहे।

# बॉर्डर 2 का गाना 'घर कब आओगे' बना इंटरनेट सेंसेशन, तोड़े सारे रिकॉर्ड

**मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)**। फिल्म बॉर्डर 2 का गीत 'घर कब आओगे' ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों के दिलों पर कब्ज़ा कर लिया है। अपने भव्य स्तर, आत्मा को छू लेने वाली धुन, देशभक्ति की भावना और एक सार्वभौमिक सवाल - घर कब आओगे के साथ यह गीत तेज़ी से सबसे ज़्यादा चर्चित म्यूज़िकल मोमेंट्स में से एक बनकर उभरा है। इस गाने को मिला रिस्पॉन्स वाकई अभूतपूर्व रहा है। म्यूज़िक वीडियो के रिलीज़ होने के सिर्फ़ 30 मिनट के भीतर ही 'घर कब आओगे' ने यूट्यूब पर एक मिलियन व्यूज़ पार कर लिए, वहीं तीन घंटे के अंदर यह यूट्यूब ट्रेंडिंग में #1 स्थान पर पहुंच गया। सोशल मीडिया पर फैन्स इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि किस कलाकार की कौन-सी पंक्ति ने उन्हें सबसे ज़्यादा भावुक किया।




# 2026 में बड़े पर्दे पर जलवा बिखेरेंगी-चमकेंगी नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियां

वर्ष 2026 में अभिनता-अभिनेत्रियों की नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियां सिल्वर स्क्रीन पर जलवा बिखरती नजर आयेंगी। वर्ष 2026 में फिल्ममेकर नये प्रयोग कर रहे हैं और दर्शक भी कुछ अलग, ताज़ा और असरदार देखना चाहते हैं, यही वजह है कि वे सिनेमा प्रेमियों के लिए कई नई ऑन स्क्रीन जोड़ियां लेकर आ रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उन नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियों के बारे में, जिनके न सिर्फ चर्चा बटोरने की संभावना है, बल्कि अपनी केमिस्ट्री और एनर्जी से बड़े पर्दे पर अपनी खास पहचान छोड़ने की भी संभावना है।



अनुराग बसु की अनटाइटल्ड म्यूज़िकल फिल्म कार्तिक के इंटेंस चार्म और श्रीलीला की जीवंत एनर्जी वाली ये जोड़ी, न सिर्फ मास ऑडियंस के लिए बनी हाई-एनर्जी जोड़ी है, बल्कि म्यूज़िकल और विज़ुअल ट्रीट को ब्लॉकबस्टर बनाने का दम भी रखती है। क्राफ्ट और वर्सेटिलिटी की पावर-पैक जोड़ी यानी सिद्धांत चतुर्वेदी और वामिका गब्बी पहली बार 'दिल का दरवाज़ा खोल न डार्लिंग' के साथ आने जा रही है। माना जा रहा है कि सिद्धांत का अनप्रेडिक्टेबल अंदाज़ और वामिका की गहरी भावनात्मक अभिव्यक्ति मिलकर एक शांत लेकिन बेहद असरदार केमिस्ट्री बनाएंगी। सिद्धांत चतुर्वेदी- मृणाल ठाकुर की जोड़ी फिल्म दो दीवाने शहर में नजर आयेगी। संवेदनशीलता, गहराई और युवा ऊर्जा से भरपूर यह जोड़ी भावनात्मक कहानी में रची बसी फिल्म 'दो दीवाने शहर में' में खूब जंचेगी, ऐसी चर्चा है क्योंकि ये दोनों कलाकार अपने किरदारों में सच्चाई लाने के लिए जाने जाते हैं। हालांकि फिल्म के पोस्टर और एनिमेटेड टीज़र को देखकर यह संभावना और प्रबल हो गई है। फिल्म 'पेड्डी' में रामचरण के करिश्माई अवतार और जान्हवी की सॉफ्ट ग्रेस को अगर नॉर्थ और साउथ सिनेमा का दमदार संगम कहें तो गलत नहीं होगा। ऐसे में यह जोड़ी वर्ष 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित जोड़ियों में शामिल हो चुकी है।

वरुण धवन- मृणाल ठाकुर की जोड़ी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नजर आयेगी। इसमें दो राय नहीं है कि वरुण धवन और मृणाल ठाकुर, स्टारडम और सशक्त अभिनय का संगम है। वरुण की एनर्जी और मृणाल की भावनात्मक सच्चाई इस जोड़ी को रोमांस से लेकर ड्रामा तक हर जॉनर में असरदार बनाती है। इसी फिल्म में वरुण धवन - पूजा हेगड़े की भी जोड़ी है।

# मुझे ज्योतिष का ज्ञान नहीं, लेकिन अपनी मां पर पूरा विश्वास है- पुलकित सम्राट


**मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)**। बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट का कहना है कि उन्हें ज्योतिष का ज्ञान नहीं, लेकिन अपनी मां पर पूरा विश्वास है,क्योंकि वह ज्योतिष पर पूरी श्रद्धा रखती हैं, और वह जो कहती हैं वह करते हैं। अपने करिश्माई स्क्रीन प्रेज़ेंस और ज़मीन से जुड़े ऑफ-स्क्रीन व्यक्तित्व के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता पुलकित सम्राट इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'राहु केतु' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। प्रमोशनल इंटरैक्शन्स के बीच हाल ही में उन्होंने एक बातचीत के दौरान न सिर्फ फिल्म के बारे में बात की, बल्कि आस्था, विश्वास और उन मूल्यों पर भी खुलकर चर्चा की, जो उन्हें एक इंसान के रूप में गढ़ते हैं।



# संदीप रेड्डी वांगा ने 'धुरंधर' की तारीफ की

**मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)** जानेमाने फिल्मकार संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म 'धुरंधर' की तारीफ की है। संदीप रेड्डी वांगा ने 'धुरंधर' की तारीफ करते हुए एक्स पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा, 'धुरंधर एक ऐसे व्यक्ति की तरह दिखती है, जो कम बोलता है और अपने काम को लेकर दृढ़ है। धुरंधर शीर्षक बिल्कुल सटीक बैठता है, क्योंकि फिल्म दबदबे और उग्रता से भरी है। कहानी और स्क्रीनप्ले बेहद स्पष्ट और मजबूत है। जो बेवजह का शोर नहीं मचाता। संगीत, अभिनय, स्क्रिप्ट और निर्देशन सब कुछ अव्वल दर्जे का है। संदीप रेड्डी वांगा ने अक्षय खन्ना और रणवीर सिंह की तारीफ करते हुए लिखा कि अक्षय खन्ना सर और रणवीर सिंह सहजता से अपने किरदारों में ढलकर मानो हवा में गायब हो गए। उन्होंने इस फिल्म के निर्देशक आदित्य धर की भी तारीफ की है। उन्होंने लिखा कि अनगिनत बलिदानों के वास्तविक महत्व को सभी को महसूस कराने के लिए आदित्य धर को बहुत-बहुत धन्यवाद। गौरतलब है कि फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह ,अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से यह फिल्म बनी है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी और इसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है।





# प्रभास ने द स्क्रिप्ट क्राफ्ट इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल की घोषणा की

पैन-इंडिया सुपरस्टार प्रभास ने द स्क्रिप्ट क्राफ्ट इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल की घोषणा की है। द स्क्रिप्ट क्राफ्ट प्लेटफॉर्म पर शुरू की गई यह क्रांतिकारी पहल वैश्विक स्टोरीटेलिंग में एक नये युग की शुरुआत करती है, जो दुनियाभर के क्रिएटर्स को सीधे तौर पर पहचान, निर्माता और दर्शकों तक पहुंच दिलाकर सपनों को सिनेमाई करियर में बदलने का अवसर देती है। प्रभास ने इस क्रांतिकारी मंच का समर्थन किया है। उन्होंने फिल्ममेकिंग को लोकतांत्रिक बनाने की इसकी शक्ति पर जोर दिया। वीडियो में उन्होंने कहा, 'द स्क्रिप्ट क्राफ्ट सिर्फ एक फेस्टिवल नहीं है,यह वह जगह है जहां कहानियां करियर बनती हैं। प्रभास ने फिल्मकारों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करते हुए लिखा' हर आवाज़ को एक शुरुआत मिलनी चाहिए। हर सपनों की कहानी को एक मौका मिलना चाहिए। द स्क्रिप्ट क्राफ्ट इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल दुनियाभर के स्टोरीटेलर्स को आमंत्रित करता है। द स्क्रिप्ट क्राफ्ट इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल के लिये रजिस्ट्रेशन अब द स्क्रिप्ट क्राफ्ट कॉम पर खुले हैं, जबकि सबमिशन की सटीक तारीखें और श्रेणियां जल्द घोषित की जाएंगी। द स्क्रिप्ट क्राफ्ट के एक प्रवक्ता ने कहा, हमें विश्वास है कि अगला दूरदर्शी फिल्मकार कहीं से भी आ सकता है। यह मंच हर स्टोरीटेलर को आवाज़, मंच और वैश्विक दर्शकों व प्रमुख प्रोडक्शन हाउसों तक पहुंचने का अवसर देता है। प्रभास की दूरदर्शी सोच से प्रेरित द स्क्रिप्ट क्राफ्ट, जिसकी स्थापना थल्ला वैष्णव और प्रमोद उप्पलपति ने की है।

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 4 जनवरी, 2026

## हाथों में हथकड़ी, थम्स-अप का इशारा...

# न्यूयॉर्क लाए गए मादुरो

**वाशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी सुरक्षा बलों ने शनिवार को काराकास में 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिज़ॉल्व' के तहत वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर लिया है। मादुरो को ड्रग तस्करी के गंभीर आरोपों का सामना करने के लिए न्यूयॉर्क ले जाया गया है। गिरफ्तारी के बाद उनकी नई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिसमें वे हथकड़ी पहने हुए मुस्कुरा रहे हैं। इस घटना के बाद वेनेजुएला प्रवासियों में खुशी की लहर है और भारत में भी राजनीतिक चर्चा शुरू हो गई है। अमेरिकी अधिकारियों द्वारा मादुरो की गिरफ्तार के बाद उनकी कई तस्वीरें-वीडियो साझा की है। अमेरिकी एजेंसी द्वारा जारी नई तस्वीर में मादुरो को हाथों में हथकड़ी लगे हुए और थम्स-अप का इशारा करते देखा जा सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, शनिवार को काराकास पर अमेरिकी हमलों के दौरान मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उन्हें अमेरिकी ड्रग एनफोर्समेंट एजेंसी के दफ्तर ले जाया गया। वहां रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो में हथकड़ी लगे मादुरो कैमरे की ओर मुड़कर मुस्कुराते हुए 'हैप्पी न्यू ईयर' कहते नजर आ रहे हैं।

# गन्ना सेंटर से लौट रहे किसान की गोली मारकर हत्या

**स्योहारा (चिंगारी)।** सेंटर पर गन्ना तुलवाकर घर वापस जा रहे किसान की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। क्षेत्र के ग्राम हल्दुआ माफी निवासी 28 वर्षीय राहुल पुत्र सतपाल किसान गांव की नहर के पास स्थित गन्ना सेंटर से घर वापस जा रहा था । जैसे ही सेंटर से गांव की ओर मुड़ा तो बाग के पास किसी ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। जिसका शव आम के बाग मे मिला । मृतक राहुल के दो गोली लगी। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे मे लिया। बाद में अपर पुलिस अधिक्षक एके श्रीवास्तव व पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे भी घटना पर पहुचे। फोरेंसिक जांच टीम ने भी घटना स्थल के नमूने लिये।



घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए एसपी अभिषेक झा।

### ट्रैक्टर की लाइट फूटी हुई मिली

**मृतक राहुल की हत्या से पूर्व झगड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। क्योंकि घटना स्थल पर टैक्टर सड़क किनारे इस तरह खड़ा मिला जैसे कि उसे रोक कर टैक्टर किनारे खड़ा कराया हो। ट्रैक्टर की लाईट भी फूटी हुई है, जिससे लग रहा है कि राहुल का हत्यारों के साथ झगड़ा भी हुआ है।**

### 6 तारीख को रिश्ते के लिए आने वाले थे मेहमान

मृतक राहुल के पिता सतपाल ने बताया कि वह लगभग 9 बजे गन्ना डालने आया था लगभग 10:30 पर जानकारी मिली की उसकी हत्या कर दी गयी है । उसकी किसी से कोई दुश्मनी भी नही थी । सब कुछ अच्छा चल रहा था । 6 जनवरी को मुरादाबाद से रिश्ते की बात करने मेहमान भी आने वाले थे ।



मृतक का फाइल फोटो।

### जल्दी होगा घटना का खुलासा- एसपी

**एसपी अभिषेक झा ने भी घटना स्थल का निरिक्षण किया और पुलिस को निर्देश दिये। घटना की जानकारी देते हुए एस पी अभिषेक झा ने बताया कि पुलिस की 3 टीमें लगाई गयी है जल्दी ही खुलासा किया जाएगा।**

## रेप-मर्डर केस में सजा काट रहा राम रहीम जेल से फिर बाहर, मिली 40 दिन की पैरोल



**रोहतक (एजेंसी/चिंगारी)।** दो साध्वियों के साथ रेप और पत्रकार हत्याकांड में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर 40 दिनों की पैरोल मंजूर कर दी गई है। राम रहीम इस समय रोहतक की सुनारिया जिला कारागार में बंद है। पैरोल की अवधि के दौरान वह हरियाणा के सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा में रहेगा। जानकारी के अनुसार, गुरमीत राम रहीम की पैरोल को कल शाम मंजूरी दी गई। इसके बाद जेल प्रशासन ने उसकी रिहाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पैरोल के दौरान राम रहीम को तय शर्तों का पालन करना होगा और वह सिरसा डेरा परिसर से बाहर किसी आयोजन में हिस्सा नहीं ले सकेगा। प्रशासन की ओर से उसकी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। गुरमीत राम रहीम वर्ष 2017 से रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। उसे दो साध्वियों के साथ रेप के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी, जबकि पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में भी वह दोषी करार दिया जा चुका है।

गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

।। नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि दहति पावकः, न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः ।।

## शोक सन्देश



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी

**श्री अरविन्द गुप्ता जी**

का स्वर्गवास 26 दिसम्बर 2025, दिन शुक्रवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

**आस्थि एवं रस्म पगड़ी, 5 जनवरी 2026, दिन सोमवार**

शान्ति यज्ञ .... प्रातः 8 बजे / ब्रहम भोज एवं प्रसाद ..... दोपहर 12 बजे
रस्म पगड़ी.... अपरान्ह 2 बजे

-:शोकाकुल परिवारीजन:-

**प्रशान्त गुप्ता (मोनू) - पुत्र**

क्षितिज गुप्ता (लक्की), अंशुल गुप्ता (हनी) - भतीजे
केशव गुप्ता, श्रेयांश गुप्ता, श्रेया गुप्ता (पौत्र-पौत्री) एवं
समस्त गुप्ता परिवार

स्थान- प्राचीन शिव मन्दिर झण्डा पार्क मण्डावर (बिजनौर)
मो. 7055555543, 9319242997, 9627740069

# 89549 मतदाताओं को भेजे जायेंगे नोटिस

## 6 मार्च 2026 को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

**जुल्फिकार मंसूरी**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में संशोधन किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा नो-मैपिंग के अंतर्गत कुल 89,549 मतदाता चिन्हित किए गए हैं। इन सभी चिन्हित मतदाताओं को 06 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस भेजे जाएंगे। इसी अवधि में संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा सुनवाई की कार्यवाही पूरी की जाएगी।

ड्राफ्ट मतदाता सूची 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जाएगा। विशेष पुनरीक्षण के दौरान नये मतदाताओं के लिए प्रारूप-6, नाम विलोपन हेतु प्रारूप-7 तथा संशोधन, पता परिवर्तन व डुप्लीकेट कार्ड के लिए प्रारूप-8 निर्धारित किए गए हैं। इच्छुक नागरिक 06 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।



पुनरीक्षण कार्यक्रम में वे सभी नागरिक पात्र होंगे, जो 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हों या करने वाले हों। इसके अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई व 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले पात्र नागरिकों के आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची में अवश्य जांचें और आवश्यकता अनुसार संशोधन कराते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें। मतदाता अपना विवरण देख सकते हैं अथवा संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

## श्रद्धापूर्वक मनायी गयी सावित्री बाई फुले जयंती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महिला सशक्तिकरण की प्रणेता प्रमुख समाजसेवी सावित्रीबाई फुले की 195 वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। शनिवार को मोहल्ला तीबड़ी में डॉक्टर रामपाल सैनी के आवास पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले को महान समाज सुधारक बताते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मास्टर महेंद्र सैनी, मनोज सैनी, मास्टर अनिल सैनी, कलवा कारीगर, सुनील सैनी आढ़ती, सुमित कुमार सैनी, मुनेश सैनी, कान्हा कारीगर, डॉक्टर रामपाल सैनी, राजेन्द्र सैनी, देवेन्द्र सैनी सहित अनेक व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रामपाल सैनी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।



## टास्क फोर्स ने चलाकर अभियान सात वाहनों के किये चालान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी निर्देशों के क्रम में जिले में परिवहन खनन विभाग की टास्क फोर्स टीम द्वारा ओवरलोडिंग अवैध खनन की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के तहत के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पीटीओ प्रवर्तन एवं निरीक्षक व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बिजनौर द्वारा जिले में अवैध खनन एवं परिवहन पर अपेक्षित नियंत्रण स्थापित करने के लिए संयुक्त रूप से जांच की गई। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान वाहनों की फिटनेस सही न पाए जाने, सीट बेल्ट का उपयोग न करने, बीमा न होने, अवैध पार्किंग आदि के मामलों में 04 वाहनों के चालान के अलावा उपसंभागीय परिवहन अधिकारी परिवर्तन द्वारा नंबर प्लेट क्षतिग्रस्त पाए जाने पर तीन वाहनों का ऑनलाइन चालान भी किया गया। उन्होंने बताया कि भागूवाला चैक पोस्ट पर किए गए प्रवर्तन कार्य के दौरान तथा खनन से संबंधित लगभग 30 वाहनों की आईएसटीपी जांच की गई। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन रोकने के लिए नियमित रूप से जांच की जाएगी।

## चांदपुर के सर्वाधिक उम्र के व्यक्ति का निधन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला सरायरफी निवासी छेदा सिंह का बीती रात निधन हो गया। परिजनों के अनुसार उनकी आयु लगभग 115 वर्ष थी। वे नगर ही नहीं बल्कि क्षेत्र में सर्वाधिक आयु के व्यक्ति थे। शनिवार को दोपहर बाद उनका बिजनौर स्थित बैराज घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## ब्रिजेश त्यागी का निधन

**पैजनिया ( चिंगारी )।** ग्राम निवासी ब्रिजेश त्यागी का बीमारी के चलते 60 वर्ष की उम्र में शनिवार को निधन हो गया। ब्रिजेश त्यागी के निधन से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ब्रिजेश त्यागी ने वर्ष 1990 में राम मन्दिर निर्माण के लिए की गई कारसेवा में मुख्य भूमिका निभाई थी। अयोध्या में गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया था। ब्रिजेश त्यागी इस दौरान सात दिन जेल में रहे थे।

## व्यापार संगठन ने बांटे लिहाफ़



**चांदपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन शाखा खानपुर खादर की ओर से जरूरतमंदों में लिहाफ वितरित किये गये।

संगठन की शाखा खानपुर खादर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, उद्योगपति निरीश कुमार गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता व वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला महामंत्री विवेक कर्णवाल ने संयुक्त रूप से लिहाफों का वितरण किया। इस अवसर पर देवेंद्र सैनी, जिला मंत्री हिमांशु शर्मा, जिला संगठन मंत्री लालबहादुर कर्णवाल, संगठन की खानपुर इकाई के नगर अध्यक्ष मंसूर अली, नगर अध्यक्ष जलीलपुर अतुल गुप्ता, नगर अध्यक्ष नजीबाबाद शाहिद सिद्दीकी, मुकेश कुमार भगत जी, नफीस अहमद, नगर प्रभारी डा. विपिन शर्मा, पूर्व प्रधान राजकुमार यादव, अशफाक प्रधान, साबिर अहमद, योगेश सैनी, मोहम्मद नसीम, लईक अहमद, इकबाल अहमद, दीपक सैनी, मास्टर सतेन्द्र कुमार, हितेश कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, रिजवान अहमद, डा. खुर्शीद अहमद, मनोज सैनी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# दिल्ली के पहलवान कलवा गुर्जर ने जीता 'भारत केसरी' का खिताब

## चमरौला में दो दिवसीय दंगल सम्पन्न

**बिजनौर ( चिंगारी )। दो दिवसीय कुश्ती दंगल के दूसरे दिन दिल्ली के पहलवान ने भारत केसरी-2026 का खिताब जीता।**

भाकियू (लोकशक्ति) के जिलाध्यक्ष वीर सिंह सहरावत द्वारा अपने पिताजी स्व. चौ. प्यारे सिंह की स्मृति में अपने ग्राम चमरौला (नांगल) में 2 व 3 जनवरी को दो दिवसीय कुश्ती दंगल आयोजित कराया जाता है। शुक्रवार को पहले दिन शिवप्रताप पहलवान ने जिला केसरी का खिताब जीता था। शनिवार को दंगल के दूसरे दिन पहलवानों ने ओपन टाइटल 'भारत केसरी -2026' की उपाधि पाने के लिये अपनी दावेदारी पेश की। अतिथियों खुर्शीद मंसूरी, शेषपाल राठी शेट्टी, भीमसैन हल्दिया, शहाबुद्दीन मकरानी आदि ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारम्भ किया। पहले राउंड में कुल 11 पहलवानों ने अपनी दावेदारी पेश की,



जिसमें सुमित खड़डिया, उत्तम राणा, कलवा गुर्जर, उपकार पहलवान, शक्ति पहलवान एवं अंकित गुर्जर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पहलवानों को पराजित किया। सेमीफाइनल में कलवा गुर्जर ने अंकित गुर्जर को हराकर और शक्ति पहलवान ने बाई के आधार पर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में कलवा गुर्जर पहलवान ने शक्ति पहलवान को हराकर स्व. चौ. प्यारे सिंह ओपन टाइटल (भारत केसरी- 2026) की उपाधि अपने नाम की। अतिथियों ने विजेता पहलवान कलवा गुर्जर को पीतल की गदा, पटका और नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। जबकि उपविजेता शक्ति पहलवान को शील्ड, पटका और नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया।

# भव्य कलश शोभायात्रा के साथ, हुई श्रीराम कथा की शुरुआत

**नहटौर ( चिंगारी )। दिव्य राम कथा के शुभारंभ से पूर्व कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण पर पुष्पवर्षा करके स्वागत किया।**

शनिवार को श्री चामुंडा धाम पर आयोजित दिव्य राम कथा का शुभारंभ पर धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ पूजा-अर्चना की गई। पूजा-अर्चना के उपरांत कलश शोभायात्रा में महिलाओं ने अपने शीश पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। विभिन्न मौहल्ले से होते हुए कलश शोभायात्रा पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा का जगह-जगह विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। कथा के यजमान अशोक चंद्रा, डॉ. शशांक गौतम ने सपत्नीक पूजा-अर्चना कराई। कथा व्यास राजकुमार सुदर्शन महाराज ने कहा कि श्रीराम कथा सुनने से आए दुखों का विनाश होता है। कथा को मन व लगन से सुनना चाहिए। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, अरविंद जोशी, राहुल चौधरी, आशु भार्गव, पवन अग्रवाल, रतन सैनी, प्रदीप कुमार अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, सुभाष सैनी आदि उपस्थित रहे।



# कार और बाइक की टक्कर में तीन घायल

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे पर हुई कार और बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया। ठाकुरद्वारा निवासी अभिषेक कुमार शनिवार की शाम अपने पिता मदन सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर धामपुर की ओर जा रहे थे। जब वे मुबारकपुर कुंडा के निकट पहुंचे तो सामने से आ रही कार से उनकी टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार पिता-पुत्र सहित कार सवार हरिद्वार निवासी अब्दुल अंसारी घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर पहुंचाकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस घटना में किसी को गम्भीर चोट नहीं लगी है। तहरीर मिलने पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



# मौला अली की शान में महफिल-ए-मकासिदा का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बुख़ारा सादात स्थित इमामबाड़ा में 13 रजब, विलादत-ए-इमाम अली (अ.स.) के अवसर पर एक अज़ीम महफ़िल-ए-मक़ासिदा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सदारत मौलाना खुर्शीद बलियावी और मौलाना कमाल ताहिर बिजनौरी ने की, जबकि निज़ामत रईस हैदर और तनवीर ने निभाई।

महफ़िल में मौला अली (अ.स.) की शान में क़सीदा-ख्वानी पेश की गई, जिसमें जनाब अफ़रोज़ नक़वी, एम. जाफ़र, सरफ़राज़ अहमद, फ़ैसल क़मर ज़ैदी, गुल-ए-हैदर ज़ैदी, मास्टर शबी, फ़िरदौस रज़ा, अली रज़ा, कमरान ताहिर, एम. इबाद, आसिफ़, वसी मोहम्मद, सरवत ज़ैदी एवं ज़ारी ज़ैदी ने अपनी आवाज़ से महफ़िल को रौनक़ बख़्शी। महफ़िल का सफल आयोजन जनाब जाफ़र नक़वी (सेवानिवृत्त ए.एल.पी.एस.के. हेड सिपाही) द्वारा किया गया। इस अवसर पर देश में अमन-ओ-चैन और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ की गई।



DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# खासपुरा में निकली भव्य प्रभातफेरी

**खासपुरा ( चिंगारी )।** खासपुरा में दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 359 वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया और पूरे श्रद्धाभाव से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे शीश नवाया। फूलों से सजी पालकी साहिब, पंज प्यारों की अगुवाई में संगत गुरुबाणी कीर्तन करती हुई चल रही थी, जिससे माहौल को पूरी तरह धार्मिक और उत्सवमय बना दिया। नगर कीर्तन की शुरुआत सुबह गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा गुरु नानक चौक से होकर न्यू सिंह सभा गुरुद्वारा और गांव के मुख्य मार्गों, उमरी सिंह सभा गुरुद्वारा होती हुई गुरुद्वारा गुरु नानक चौक खासपुरा में संपन्न हुई। इस अवसर पर गुरुद्वारे के प्रधान चरणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह नीटू, सेक्रेटरी महिपाल सिंह, मास्टर जोगेंद्र सिंह, संसार सिंह, हरपाल सिंह, हरविंदर सिंह बिल्लू, बलविंदर सिंह बिन्नी, मास्टर गुरमीत सिंह, सतवंत सिंह आदि मौजूद रहे।



# सपा ने सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

## कार्यकर्ता मतदाता सूची की गहनता से करें जांच : जाकिर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि भारत निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब मतदाता सूची की गहन जांच की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि 6 जनवरी को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित होगा, इसलिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों और क्षेत्रों में सूची की बारीकी से जांच करें।

शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की तथा संचालन मीडिया प्रभारी अखलाक पप्पू ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नगीना के विधायक मनोज पारस उपस्थित रहे। बैठक में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। उनके द्वारा महिलाओं, पिछड़ों एवं दलितों के उत्थान तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध किए गए संघर्ष का स्मरण किया गया। नगीना विधायक मनोज पारस ने अपने संबोधन में कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की मजबूती की नींव है। समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ इस जिम्मेदारी को निभाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। बैठक में संगठन विस्तार के तहत अल्ताफ को जिला सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, जमील अंसारी, अमित चौहान, नीलम पारस, धनंजय यादव, हाजी दानिश अख्तर, डॉ. रहमान, डॉ. लाखन सिंह पाल, शमशाद अंसारी, प्रभा चौधरी, महमूद कस्सार, डॉ. कुंतेश सैनी, ठाकुर योगेंद्र सिंह चौहान, कमलेश भूइयार, हाजी जावेद राईन, बी.के. कश्यप, डॉ. शिशुपाल, राजेश गोयल, शहज़ाद अंसारी, एम.आर. पाशा, मोबिन खान, आसिफ असलम, यूनुस ताऊ, शेख रईस, उस्मान अल्वी, मनोज राजपूत, डॉ. योगेंद्र चौधरी, दिनेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# बिजनौर की टीम ने मुरादाबाद को हराया

## ग्रामीण बैंक क्रिकेट प्रतियोगिता



**बिजनौर ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा रोमांचक बैंक स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम मुरादाबाद में बिजनौर की टीम और मुरादाबाद की टीम के बीच एक रोमांचक नॉकआउट मैच संपन्न हुआ, जिसमें बिजनौर की टीम ने शानदार जीत हासिल की। बिजनौर टीम के कप्तान दिनेश ठाकुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और टीम के गेंदबाजों ने कप्तान का फैसला सही साबित करते हुए 4 रन पर ही मुरादाबाद के 2 विकेट गिरा दिये। मुरादाबाद की पूरी टीम बिजनौर की घातक गेंदबाजी के सामने सिर्फ 113 रन पर ही ऑल आउट हो गई। बिजनौर की तरफ से हरफनमौला गेंदबाज नितिन कोहली ने 4 ओवर में तीन विकेट चटकाए। जवाब में बिजनौर ने 6 विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह बिजनौर ने अपने शानदार खेल की बदौलत टूर्नामेंट के अंतिम 16 में अपनी जगह बना ली है। जीत के बाद टीम बिजनौर टीम के कप्तान दिनेश ठाकुर ने टीम की जीत का श्रेय टीम के गेंदबाजों और सभी खिलाड़ियों की एकजुटता को दिया। मैच में अपनी घातक गेंदबाजी के लिए नितिन कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया ।

# सेवानिवृत्त शिक्षक मामराज सिंह का लम्बी बीमारी के बाद निधन

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक मामराज सिंह (80 वर्ष) का आज सुबह अपने घर पर लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। मामराज सिंह बहुत ही मिलनसार और व्यवहार कुशल व्यक्ति थे, जिस कारण उनका प्रत्येक जाति, वर्ग में काफी सम्मान था।



श्री मामराज सिंह का फाइल फोटो

क्षेत्र के ग्राम लालपुरमान उर्फ मानपुर के निवासी मामराज सिंह (80 वर्ष) पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। आज प्रातः लगभग 6 बजे अपने आवास पर ही उन्होंने अन्तिम सांस ली। वे वर्ष 2007 में राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती से सेवानिवृत्त हुए थे। वे अपनी ग्राम पंचायत के पूर्व ग्राम प्रधान भी थे। वे अपनी पत्नी को भी ग्राम प्रधान पद और जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव जिताने में सफल रहे थे। उनके निधन की खबर सुनकर उनके परिचित दुख में डूब गये। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर उनके पुत्र के प्रति संवेदनायें व्यक्त कीं। दोपहर को नांगल सोती गंगा घाट पर उनका अन्तिम संस्कार किया गया। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

# अग्रवाल प्रशिक्षण समाजसेवा संस्थान ने स्कूल न जाने वाली लड़कियों का प्रवेश कराने का निर्णय लिया

## सावित्रीबाई फुले जयंती पर हुई ऑनलाइन गोष्ठी

**बिजनौर ( चिंगारी )**। अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाजसेवा संस्थान बिजनौर के तत्वावधान में सावित्रीबाई फुले जयंती पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थापिका सविता अग्रवाल ने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने एक जनवरी 1848 को पहला बालिका विद्यालय अपने पति महात्मा ज्योतिराय फुले की सहायता से खोला। उस समय बालिका शिक्षा केवल कुलीन वर्ग तक सीमित रह गई। ऐसे समय में सावित्रीबाई फुले ने हिम्मत जुटाई और लड़कियों को पढ़ाना शुरू किया। उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ा। अध्यक्ष मनुश्री अग्रवाल ने कहा हमें पढ़ाई पर ध्यान देना होगा। हम सावित्रीबाई फुले के पद-चिन्हों पर चलें। संचालिका आशा अग्रवाल ने कहा हमें काशीराम कॉलोनी एवं गांवों में यह देखना होगा कि कौन लड़कियां नहीं पढ़ रही हैं और उनका एडमिशन भी कराना होगा। श्रीमती शशि शर्मा ने कहा कि लड़कियों को किताबें, कापी, ड्रेस की व्यवस्था भी करानी होगी, जो हम सब मिलकर करेंगे। श्रीमती अलका अग्रवाल ने कहा हमें एडमिशन के साथ-साथ लड़कियों को पढ़ाई पर भी ध्यान देना होगा कि वह स्कूल जा रहे हैं, पढ़ाई कर रहे हैं कि नहीं कर रहे हैं। कुसुमलता अग्रवाल ने कहा लड़कियों को पढ़ना और उनको सीखना और अपने धार्मिक ग्रंथ का अभ्यास जरूरी कराना चाहिए। रेखा अग्रवाल ने कहा हम सब साथ हैं। बहुत सारी चीजों का ज्ञान होना चाहिए, जैसे कपड़े सही से पहनना आदि। अध्यापक पवित्र ने कहा सावित्रीबाई फुले बहुत विद्वान महिला थीं, आज महिला शक्ति की बात उनके द्वारा प्रारंभ किए छोटे से कदम का ही परिणाम है।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई



**नगीना ( चिंगारी )। महाराजा शूरसेन सैनी संगठन के पदाधिकारियों द्वारा माता सावित्रीबाई फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।**

शनिवार की दोपहर सैनी धर्मशाला में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि व सैनी समाज संगठन के अध्यक्ष महेंद्र सैनी द्वारा दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। उन्होंने जाति-भेदभाव, अस्पृश्यता और सती प्रथा के खिलाफ भी अभियान चलाए। इस मौके पर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में मुकेश सैनी, सोहन सैनी, सुशील सैनी, मास्टर वीर सिंह, रामचरण सैनी, हरिश्चंद्र सैनी, जितेंद्र सैनी, नीरज बिश्नोई, महावीर सैनी आदि मौजूद रहे।

# मोर का पीछा कर रहे गुलदार को देखकर पसीने छूटे

**शेरकोट ( चिंगारी )**। मोर का पीछा करते खेत में आये गुलदार को देखकर काम कर रहे किसान और मजदूर के पसीने छूट गए। गुलदार से भयभीत दोनों लोग खेत में ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर भाग खड़े हुए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर थाना क्षेत्र के ग्राम उमरपुर आशा निवासी रूपेंद्र चौहान स्वार के जंगल में स्थित अपने खेत में मजदूर दुष्यंत कुमार के साथ ट्रैक्टर-ट्राली में गन्ना भर रहे थे। इस दौरान मोर का पीछा करते हुए एक गुलदार वहां आ गया। अचानक दौड़ते हुए आए आये गुलदार को देखकर दोनों घबरा गए और ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर खेत से दूर सड़क पर आ गए। इस बीच गुलदार काफी देर तक खेत में घूमता रहा और फिर गन्ने के खेत में घुस गया। गुलदार के वहां से जाने पर रूपेंद्र सिंह कुछ लोगों के साथ खेत में पहुंचे और अपना ट्रैक्टर-ट्राली लेकर आये। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आयेदिन गुलदार के नज़र आने से दहशत का माहौल बनता जा रहा है, जिससे गन्ने की छिलाई का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

# टीएमयू नर्सिंग कॉलेजेज़ की ऊंची छलांग, बेटियां करेंगी मैक्स ज्वाइन

**मुरादाबाद ( चिंगारी )**। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के नर्सिंग कॉलेजेज़ की एएनएम छात्राओं के लिए नया साल खुशियों का पैगाम लेकर आया है। टीएमयू के टीएमसीओएन और टीपीसीओएन की 19 छात्राएं मैक्स हैल्थकेयर में बतौर होम केयर नर्स कार्यभार संभालेंगी। नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी कहती हैं, यह उपलब्धि हमारी गुणवत्तापूर्ण, करियर-केंद्रित शिक्षा के संग-संग सघन व्यावहारिक प्रशिक्षण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यूपी की इन छात्राओं को जल्द ही नियुक्ति पत्र मिल जाएंगे। ये छात्राएं जनवरी के अंत तक कार्यभार संभालेंगी। चयनित इन छात्राओं में गुंजन, पिंकी, मानसी प्रिया, रश्मि सागर, गरिमा गिरि, साक्षी, अंशु शर्मा, प्रीति, सुनीता शर्मा, स्वाति, रीशु, पूनम, काजल चौहान, बबीता कश्यप, सोना, दीक्षा, मनीषा, कुमारी काजल, रौनक आदि शामिल हैं। मैक्स हैल्थ केयर की ओर से इस ड्राइव में नर्सिंग कॉलेजेज़ के प्लेसमेंट कोर्डिनेटर्स और टीएमयू सीआरसी की संयुक्त मेहनत रंग लाई है। मैक्स हैल्थ केयर, साकेत की ओर से ऑफिसर्स- श्रीमती अंकिता सैमुअल, श्री अतुल चौहान, श्री अनुराग शुक्ला की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।



# गुलदार के भय से खेतों पर नहीं जा रहे किसान

## अन्य जंगली जानवर फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली क्षेत्र के कई गांव में जंगली जानवर किसानों के खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंडावली क्षेत्र के ग्राम फजलपुर मान उर्फ गदाईका निवासी गजेंद्र सिंह मलिक के गांवड़ी मार्ग पर स्थित खेत में शुक्रवार को जंगली जानवर माहे के एक झुंड ने घुसकर गेहूं, बरसीन, मटर आदि फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। क्षेत्र के चौधरी बलराम सिंह, राघव प्रताप सिंह, लोकेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, ललित कुमार, सुन्दर सिंह, अरुण कुमार, सुनील कुमार, पंडित महेश शर्मा, नागेंद्र चौहान आदि किसानों का कहना है कि पिछले काफी समय से जंगली जानवर किसानों के खेतों में अपना डेरा जमाए हुए हैं, जंगली जानवरों से किसानों में भय व्याप्त है। किसानों का कहना है कि एक तो पहले से ही गुलदार का खतरा बना हुआ है, दूसरी ओर जंगली जानवर उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गुलदार के भय से किसान खेतों में जाने से घबरा रहे हैं, ऐसे में किसान अपने खेतों की रखवाली कैसे करे। क्षेत्र के किसानों ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों से जंगली जानवरों से सुरक्षा कराने की मांग की है।


किसान के खेतों में घूमता माहे का झुण्ड।

# नवजात की मौत पर नर्सिंग होम में परिजनों का हंगामा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान नवजात की मौत पर परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। शनिवार को दोपहर रेलवे स्टेशन रोड स्थित फरहत नर्सिंग होम में एहतेशाम ने अपनी पत्नी आफरीन को प्रसव के लिए भर्ती कराया था। गोल्डन मार्केट निवासी कारोबारी सलीम अहमद ने बताया कि उनकी पुत्रवधू ने सामान्य प्रसव से पुत्र को जन्म दिया। जन्म लेते ही नवजात की मौत हो गई। खबर सुनकर परिजनों ने हंगामा कर दिया। उनका आरोप था कि महिला चिकित्सक ने सब कुछ सामान्य होने के बात कहकर प्रसव कराया। प्रसव कराते समय हुई लापरवाही से नवजात की दम घुटने से मौत हुई। सूचना मिलने पर देर शाम क्षेत्र के कारोबारी व परिचित अस्पताल पहुंच गए, उन्होंने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। वहीं चिकित्सक फरहत - जहां का कहना था कि महिला का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ था। सामान्य ब्लड प्रेशर होने पर प्रसव कराया गया। प्रसव के बाद नवजात को सांस लेने में अचानक दिक्कत आई। उन्होंने प्रसव में लापरवाही से मौत होने की बात से इंकार किया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राहुल सिंह व चौकी प्रभारी सौरभ सिंह ने नर्सिंग होम पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

## परंपरा से बेरोज़गारी तक

# ठठेरे कलईगरों का बदलता जीवन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुछ दशक पूर्व तक भारतीय घरों में पीतल और तांबे के बर्तनों का विशेष महत्व था। दहेज़ में दुल्हनों को पीतल-तांबे के बर्तन देना परंपरा मानी जाती थी। शादी-ब्याह, भोज और उत्सवों का खाना देग, परात और कड़ाहों में बनता था। इन बर्तनों की शुद्धता बनाए रखने के लिए समय-समय पर उन पर कलई कराई जाती थी। यह काम ठठेरे जाति के कुशल कारीगर करते थे, जिन्हें कलईगर कहा जाता था। गांव-गांव घूमकर कलई करना उनका पारंपरिक व्यवसाय था, जिससे उनकी रोज़ी-रोटी चलती थी। लेकिन समय के साथ स्टील, एल्युमिनियम और नॉन-स्टिक बर्तनों का चलन बढ़ गया। पीतल और तांबे के बर्तन धीरे-धीरे घरों से गायब हो गए। नतीजतन कलई की आवश्यकता भी समाप्त हो गई और ठठेरे बिरादरी के कलईगर बेरोज़गार होते चले गए। गत दिनों बिजनौर में एक होटल की देग पर कलई कर रहे साहनपुर के ठठेरे अकरम पुत्र अब्दुर्रशीद से चिंगारी ने बात की। उसने बेरोज़गारी का रोना रोते हुए बताया कि तांबे और पीतल के बर्तनों का चलन बंद होने से उनका कलईगिरी का पुश्तैनी काम ख़त्म हो गया। अब वे अपने बच्चों को ये काम नहीं सिखा रहे। यह केवल एक व्यवसाय का अंत नहीं, बल्कि एक समृद्ध परंपरा और कारीगरी के लुप्त होने की कहानी है। आज आवश्यकता है कि सरकार और समाज मिलकर ऐसे पारंपरिक कारीगरों के पुनर्वास, प्रशिक्षण और वैकल्पिक रोज़गार की दिशा में गंभीर प्रयास करें, ताकि उनकी कला और जीवन दोनों सुरक्षित रह सकें।


बिजनौर में एक होटल की देग पर कलई करता अकरम ठठेरा।

# खंडहर हो गया है संयुक्त राष्ट्र संघ

# ताला लगा दो इसमें!

## त्वरित प्रतिक्रिया

दुनिया के छोटे-छोटे देश कुचले जा रहे हैं, वे चीख पुकार रहे हैं। महाशक्तियां उन्हें लूटने-कुचलने और उनकी अस्मिता को नष्ट करने में लगी हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ क्या कर रहा है? गूंगा, बहरा, मूकदर्शक!

क्या यही वह आधुनिक विश्व व्यवस्था है, जिस पर हमें गर्व करना चाहिए? क्या यही वह सभ्यता है, जहां कानून ताकतवर के घर का नौकर और कमज़ोर के लिए फांसी का फंदा है?

वेनेजुएला एक संप्रभु राष्ट्र है—यह कोई आतंकवादी संगठन नहीं, कोई अवैध गिरोह नहीं। फिर भी वहां के राष्ट्रपति को पकड़कर न्यूयॉर्क में हथकड़ी पहनाकर घुमाया जाता है। यह केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं, यह एक पूरे देश को यह संदेश है- 'अगर तुम कमजोर हो, तो तुम्हारी संप्रभुता मज़ाक है।'




यह किस अंतरराष्ट्रीय कानून के अंतर्गत हुआ?

किस संयुक्त राष्ट्र चार्टर ने इसकी अनुमति दी? या फिर अब नियम केवल उन्हीं पर लागू होते हैं जिनके पास परमाणु बम नहीं है?

चीन ताइवान के चारों ओर सैन्य घेराबंदी करता है और खुलेआम घोषणा करता है कि 'हम ताइवान को चीन में मिला लेंगे।' यह युद्ध की घोषणा नहीं तो और क्या है? लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रतिक्रिया क्या है?

कुछ औपचारिक बयान, कुछ कूटनीतिक शब्द और फिर चुप्पी। यह चुप्पी संयोग नहीं है, यह कायरता है।

यह चुप्पी बताती है कि संयुक्त राष्ट्र अब न्याय का मंच नहीं, बल्कि महाशक्तियों की सुविधा-सभा बन चुका है। सबसे बड़ा पाखंड तब सामने आता है, जब अमेरिका जैसे देश ईरान को मिटा देने की धमकी देते हैं, पाकिस्तान के साथ ज़रूरत के हिसाब से दोस्ती और दुश्मनी बदलते हैं,

वियतनाम को खून में डुबोते हैं, सद्दाम हुसैन को मारते हैं, हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराते हैं, और फिर कहते हैं 'हमें नोबेल शांति पुरस्कार चाहिए।' यह विडंबना नहीं, यह इतिहास का सबसे बड़ा मज़ाक है। जिस देश ने सबसे ज़्यादा युद्ध लड़े, सबसे ज़्यादा सरकारें गिराईं, सबसे ज़्यादा संप्रभु राष्ट्रों में दख़ल दिया, वहीं स्वयं को शांति का मसीहा घोषित करता है और दुनिया सिर झुकाकर सुनती है।

प्रश्न यह नहीं है कि अमेरिका ऐसा क्यों कर रहा है? प्रश्न यह है कि दुनिया उसे रोक क्यों नहीं पा रही? संयुक्त राष्ट्र संघ क्या कर रहा है? क्या वह केवल छोटे देशों को धमकाने के लिए बना है? क्या उसकी सारी प्रस्तावनाएं, सारे नियम, सारे मानवाधिकार केवल अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के लिए हैं? आज किसी ने अमेरिका की निंदा तक नहीं की। यह चुप्पी बताती है कि संयुक्त राष्ट्र संघ अब अप्रासंगिक हो चुका है। अगर वह युद्ध नहीं रोक सकता, अगर वह, अपने सदस्य देश की संप्रभुता की रक्षा नहीं कर सकता, अगर वह दोहरे मानदंडों के विरुद्ध खड़ा नहीं हो सकता

तो फिर उस इमारत पर ताला लगा देना ही बेहतर है, क्योंकि भीतर न्याय तो पहले ही मर चुका है। आज भी सच वही है, जिसकी लाठी, उसकी भैंस।

बस फर्क इतना है कि अब लाठी को 'लोकतंत्र', 'मानवाधिकार' और 'वैश्विक शांति' के चमकदार शब्दों में लपेट दिया गया है।

यह लेख किसी एक देश के विरुद्ध नहीं है। यह उस असभ्य वैश्विक व्यवस्था के विरुद्ध है, जहां ताकत ही कानून है और कानून केवल कमज़ोरों के लिए।

अगर आज, यह सवाल नहीं उठाएंगे तो कल कोई भी देश अगला वेनेजुएला हो सकता है।

**-दीपेंद्र सिंह चौहान, धामपुर**

# खेत की सिंचाई कर रहे किसान के पीछे बैठा रहा गुलदार



किसान द्वारा कैमरे में कैद किया गया फोटो।

नहटौर (चिंगारी)। किसान का दावा है कि खेत में जहां वह खड़ा था, उसी के पीछे गुलदार बैठा रहा। सिंचाई के दौरान किसान के साथ करीब आधे घंटे तक गुलदार भी खेत में मौजूद रहा। गनीमत रही कि गुलदार ने किसान पर हमला नहीं किया।

सोशल मीडिया पर वायरल हुई फोटो को लेकर ग्राम समसपुर निवासी राहुल तोमर ने बताया कि वह शुक्रवार की दोपहर के बाद खेत में गेहूं की फसल की सिंचाई कर रहा था। जिस खेत में वह था, उसी में गुलदार भी बैठा हुआ था, जिसका उसे आभास तक नहीं हुआ। किसान खेत में करीब आधे घंटे से अधिक समय तक रहा। कुछ समय के बाद जैसे ही गुलदार के होने का एहसास हुआ तो वह भयभीत हो गया। गनीमत यह रही कि गुलदार उठा और भागता हुआ दूसरे खेत में घुस गया। किसान ने गुलदार का फोटो मोबाइल में कैद किया। गुलदार के जाने के बाद किसान ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को गुलदार के होने की जानकारी दी। किसानों ने गुलदार को पकड़वाकर वन क्षेत्र में छुड़वाने की मांग की है।

# फैक्ट्री से लौट रहे मजदूर के साथ मारपीट कर 600 रुपये छीने



अपने साथ हुई घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित।

नहटौर (चिंगारी)। फैक्ट्री से काम कर घर लौट रहे मजदूर के साथ चार बदमाशों द्वारा मारपीट की गई और छः सौ रुपये की नगदी छीन ली। बदमाशों ने दो अन्य बाइक सवारों को भी रोकने का प्रयास किया। शुक्रवार की देर सायं को ग्राम फ़ैजपुर रामानंद निवासी कन्हैया पुत्र छोटे सिंह (54 वर्ष) कासमपुर लेखराज स्थित दाल मिल से मजदूरी कर अपने घर वापस लौट रहा था। जब वह नहटौर रिलायंस पेट्रोल पंप से फ़ैजपुर जाने वाले रास्ते पर शमशाबाद के निकट पहुंचा तो पहले से ही घात लगाये एक व्यक्ति ने साइकिल सवार कन्हैया की साइकिल को रोक दिया और इस दौरान उन्होंने कन्हैया के साथ मारपीट करते हुए जेब में रखे 600 रुपये की नगदी भी निकाल ली। पीड़ित के अनुसार बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करते हुए तमंचा जैसा हथियार भी उसके सीने पर लगाया था। इसी बीच पीछे से अन्य बाइक सवार को आता देख उन्होंने कन्हैया को छोड़ दिया। उन्होंने दूसरे बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया। दूसरे बाइक पर सवार अंकित सैनी ने अपनी बाइक को तेज दौड़ा दिया। इसके बाद फ़ैजपुर रामानंद निवासी एक अन्य बाइक सवार को भी उन्होंने रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार के न रुकने पर उन्होंने पीछे से डंडा मारकर हमला किया, लेकिन उसमें बाइक सवार बच गया। सूचना मिलने पर 112 पुलिस और नहटौर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास तलाश में पुलिस को कन्हैया सिंह की जेब से निकाले गये पैसे मिल गए। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए काम्बिंग की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। थानाध्यक्ष धीरज नागर का दावा है कि यह मामला लूट का नहीं है, आपसी विवाद था। मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# लवकुश कुमार ने योजनाओं के बारे में ली जानकारी



लवकुश कुमार का स्वागत करते हुए अधिकारी।

किरतपुर (चिंगारी)। कल ग्राम पंचायत कुम्हेड़ा पंचायतघर ब्लॉक किरतपुर, जनपद बिजनौर पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, जनजाति आयोग के सदस्य लवकुश कुमार (पूर्व विधायक) ने ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्र से आए अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के बीच केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बिंदुबार जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को बताई गई समस्याओं के निदान के लिए आवश्यक निर्देश दिये। लवकुश कुमार ने बूथों पर चल रही एसआईआर प्रक्रिया के संदर्भ में उपस्थित बीएलओ कमल कुमार से जानकारी प्राप्त की और इसकी महत्ता के बारे में बताया। सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप ने साइबर फ्रॉड से बचने के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र सिंह ने राजस्व संबंधित आ रही समस्याओं के निराकरण के बारे में बताया।

कार्यक्रम में जितेंद्र मलिक मंडल अध्यक्ष भाजपा, रविंद्र सिंह, अवनीश निर्वाल, सोनू सैनी, विक्रांत देशवाल, आकाशदीप, कैलाश पाल, तहसीलदार नजीबाबाद संतोष कुमार यादव, नायब तहसीलदार श्रीमती ममता यादव, एडीओ पंचायत श्रीमती करुणा चौहान, एडीओ समाज कल्याण हेमंत कुमार, थाना अध्यक्ष किरतपुर पुष्पेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान विपिन निर्वाल, ग्राम पंचायत सचिव मोहित कुमार, शौपाल सिंह, जीतू शर्मा, निक्की चौधरी, ब्रहमपाल सैनी, दिनेश निर्वाल, डॉ. नरेश कुमार इस्सेपुर, आसाराम नंदपुर, विनोद कुमार मुबारकपुर खौशा, पूर्व प्रधान डॉक्टर रामकुमार, पूर्व प्रधान कृपाराम, भारत सिंह, राजीव कुमार, रुस्तम कुमार, चमन सैनी कुम्हैड़ा, श्री नरवेश लालपुर, ग्राम प्रधान पाडला विजयपाल सिंह भुइयार, अशोक कुमार आलू वाला, पूर्व प्रधान रामसिंह बेगावाला, नंदराम सिंह शादीपुर, सुभाष गाजीपुर सीकरी, अश्वनी चौधरी, मुकेश कुमार, पिंकू कुमार कुम्हेड़ा, मूला सिंह पूर्व प्रधान हैकीकतपुर, जयप्रकाश, दानवीर, राजू, पूर्व प्रधान विजय सिंह औरंगपुरनंदलाल कुम्हेड़ा, नरेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# बेजुबानों का सहारा बने प्रमोद बजाज

अफजलगढ़ (चिंगारी)। किसी ने बिल्कुल सही कहा है कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। जहां इस कड़ाके की ठंड ने पूरे मानव जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। वहीं नगर की गलियों में रहने वाले बेसहारा कुत्ते भी इस भीषण ठंड की सबसे बड़ी मार झेल रहे हैं। बोल न पाने वाले ये मूक प्राणी ठंड से कांपते हुए खुले आसमान के नीचे जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे कठिन और संवेदनशील समय में नगर निवासी एडवोकेट प्रमोद बजाज मानव धर्म की सच्ची मिसाल बनकर सामने आए। उन्होंने न केवल इन बेसहारा कुत्तों के दर्द को समझा, बल्कि उनके लिए भोजन, सुरक्षित आश्रय और ठंड से बचाव की समुचित व्यवस्था कराई। रात की जमा देने वाली ठंड में जहां इंसान भी अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं। वहीं इस ठंड की मार झेल रहे इन जीवों के लिए किया गया उनका यह प्रयास वास्तव में देवदूत जैसा है। एडवोकेट प्रमोद बजाज ने बताया कि आने वाले दिनों में भी कुत्तों की देखभाल निरंतर होती रहे, ताकि कोई भी मूक प्राणी ठंड, भूख या उपेक्षा के कारण अपनी जान न गंवाए।



एडवोकेट प्रमोद बजाज।



अलाव के पास बैठे कुत्ते।



कुत्तों के लिए की गई रहने की व्यवस्था।

# रामलीला कमेटी के सौजन्य से मंदिर की 300 फीट लंबी दीवार, बनकर तैयार

## विधायक सुशांत सिंह और मरहूम अब्दुल रज्जाक परिवार ने दान की थी भूमि


श्री रामलीला कमेटी के सौजन्य से निर्माणधीन मंदिर की दीवार।


2. विधायक कुँवर सुशांत सिंह से वार्ता करते मंदिर कमेटी तथा मरहूम अब्दुल रज्ज़ाक परिवार के सदस्य। ( फाइल फोटो )

**अफजलगढ़( चिंगारी )।** विधायक कुंवर सुशांत सिंह तथा तथा मरहूम अब्दुल रज्ज़ाक के पुत्रों द्वारा नगर के प्राचीन श्री शिव मंदिर को दान की गई 21 फीट भूमि पर श्री रामलीला कमेटी अफजलगढ़ के सौजन्य से 300 फीट लंबी दीवार का निर्माण लगभग पूरा होने को है।

दीवार के निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे श्री रामलीला कमेटी के उपाध्यक्ष विकास जैन ने बताया अगले कुछ ही दिन में मंदिर की दीवार का कार्य पूर्ण रूप से पूरा हो जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष नितिन दिनेश कौशिक ने बताया कि समाज द्वारा मंदिर की दीवार का निर्माण कार्य श्री रामलीला कमेटी को सौंपा गया था, जिसे कमेटी द्वारा पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से किया गया है और दीवार के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई भी समझौता नहीं किया गया है।

विदित हो कि मरहूम अब्दुल रज्ज़ाक के तीन पुत्रों ठेकेदार शेख कमरुद्दीन, ठेकेदार शेख शेर मोहम्मद व ठेकेदार शेख शमी ने सन् 1990 में अपने मरहूम पिता की याद में प्राचीन शिव मंदिर के निकट स्थित अपनी 15 फीट जमीन मंदिर को दान कर दी थी। जो कि बहुत लंबे समय से बिना किसी उपयोग के पड़ी थी। इसी बीच ठेकेदार शेख कमरुद्दीन और शेख शमी का निधन हो गया। जिसके बाद उनके परिजनों ने शेष बची जमीन (दान दी हुई जमीन से अतिरिक्त) बेच दी और यहीं से मंदिर कमेटी और मरहूम अब्दुल रज्जाक के परिवार में रस्साकशी शुरू हो गई। मरहूम अब्दुल रज्जाक के परिजनों का कहना था कि उनके द्वारा दान की गई जमीन सार्वजनिक रास्ते के लिए दी गई है। जबकि मंदिर कमेटी उसे मंदिर प्रांगण में शामिल करना चाहती थी, जिसके चलते काफी दिन तक दोनों के बीच विवाद चला रहा। जनवरी 2025 में क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह के हस्तक्षेप के बाद विवाद का हल हो गया, जिसमें अब्दुल रज्जाक के परिवार के सदस्य शेख मोहम्मद फैज, मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद जैद, मोहम्मद उवैस और मंदिर कमेटी की ओर से मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राहुल शर्मा, संजय लोहिया, अतुल जैन, विमल अग्रवाल, भीम सिंह रावत, मनोज वर्मा, निर्मल चीलवाल आदि ने क्षेत्रीय विधायक कुमार सुशांत सिंह के निवास स्थान पर उनसे मिले। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच यह समझौता हो गया कि रज्जाक परिवार के द्वारा दान की गई 15 फीट भूमि के साथ-साथ 6 फीट अन्य भूमि विधायक कुंवर सुशांत सिंह की ओर से (कुल मिलाकर 21 फुट) मंदिर को दे दी जाएगी, जिसे मंदिर कमेटी जैसे चाहे अपने उपयोग में ला सकती है और उस पर कोई सार्वजनिक रास्ता नहीं बनेगा। इसके बाद इस पर दीवार का निर्माण कार्य समाज द्वारा श्रीराम में कमेटी अफजलगढ़ को सौंप दिया गया। तभी से इस दीवार का निर्माण कार्य श्रीराम कमेटी अफजलगढ़ द्वारा कराया जा रहा था। दीवार निर्माण में हरिश्चंद्र कर्णवाल, अतुल अग्रवाल (पंप वाले), अमरीश अग्रवाल, विमल अग्रवाल, श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष नितिन दिनेश कौशिक, विकास जैन, शरद कर्णवाल, मुकेश अग्रवाल, शंकर सिंघल, दीपक रुहेला, विपिन सिसोदिया आदि का विशेष योगदान शामिल है।

## नकली बुंदे गिरवी रखकर ठगने वाला गिरफ्तार

**नूरपुर( चिंगारी )।** मुरादाबाद रोड स्थित टीचर्स कलोनी निवासी रोहताश सिंह की सिसोदिया ज्वैलर्स के नाम से बुद्ध बाजार में दुकान है। शनिवार को बन्ने शाह नाम का एक व्यक्ति उनकी दुकान पर आया और कहने लगा कि वह क्षेत्र के गांव दौलतपुर का निवासी है, उसे पैसों की जरूरत है उसके पास सोने के बूंदे हैं गिरवी रखकर दो हजार रुपए दे दो। रोहताश सिंह ने बूंदे लेकर दो हजार रुपए दे दिए, लेकिन जांच करने पर बूंदे नकली पाए गए। ज्वैलर्स ने उक्त व्यक्ति को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। जांच पड़ताल में पाया गया कि उक्त व्यक्ति बरेली के थाना नवाबगंज के गांव समूहा का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

## घर में बंद कर मारपीट की, मामला दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** ग्राम रेहटा बिल्लोच निवासी युवक के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन भाइयों समेत चार के खिलाफ़ मामला दर्ज किया गया है। गांव निवासी मौहम्मद सुहेल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 20 दिसंबर को उसके भाई फैजान व गांव निवासी अतीक पुत्र फैय्याज के बीच किसी बात को लेकर दुकान पर बोलचाल हो गई थी। 21 दिसंबर को उसका भाई काम पर दिल्ली चला गया। आरोप है कि फहीम ने उसके भाई को फैसला करने के लिए दिल्ली से बुला लिया तथा अतीक, फ़हीम, रईस पुत्रगण फैय्याज व फहद ने मिलकर घर में बन्द करके उसके साथ मारपीट की। मारपीट में उसके भाई के गम्भीर चोट आई है, जिसका बिजनौर में उपचार चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन भाइयों समेत चार युवकों के खिलाफ़ मामला दर्ज किया है।

## बैंक ने विद्यालय में सेटअप लगवाया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम खेड़ी के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने बताया कि मौजमपुर ग्राम में स्थित आईडीबीआई बैंक की शाखा ने स्कूल के बच्चों की परेशानी को देखते हुए सौर ऊर्जा का सेटअप लगाया। बच्चों को इस सेटअप लगने से काफी फायदा होगा, कुछ कमरों में रोशनी की परेशानी थी और गर्मियों में इसका काफी फायदा होगा।




## बस का इंतजार कर रहे युवक के साथ मारपीट की

**मंडावर( चिंगारी )।** शनिवार को अर्जुन सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह गांव रानीपुर निवासी ने मण्डावर थाने में तहरीर दी कि जब वह शनिवार को अपने घर से काम पर जा रहा था और रानीपुर तिराहा पर बस का इन्तजार कर रहा था, तभी गांव का युवक मिथुन पुत्र मुकेश ने अपने दोस्तों को फोन करके बुलाया, जिन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। इन तीनों ने आते ही गाली गलौच की और गन्ने से व ईंट से प्रहार किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी मिथुन को नामजद करते हुए अन्य तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना पास में लगे सीसीटीवी कमरे में कैद हो गई है।



## मिशन शक्ति अभियान के बावजूद महिला रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए काट रही चक्कर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मिशन शक्ति अभियान के बावजूद एक महिला अपने साथ हुए दुष्कर्म के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए चक्कर काट रही है। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामीवाला निवासी ज़ैनब नामक इस महिला का आरोप है कि गांव के ही आसिफ पुत्र सखावत पर उसके उधार के रुपये हैं। गत 26 दिसंबर को ज़ैनब खेत पर काम कर रही थी। इसी दौरान वहां से आसिफ गुज़रा तो ज़ैनब ने उससे पैसों के लिये कह दिया। आरोप है कि आसिफ व उसके एक साथी ने गाली-गलौच करते हुए ज़ैनब के साथ पहले मारपीट की और फिर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। ज़ैनब उसी दिन से रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए अधिकारियों और थाने के चक्कर काट रही है। ज़ैनब का कहना है कि थाने में उसकी तहरीर भी बदल दी गई, लेकिन रिपोर्ट फिर भी दर्ज नहीं हुई। ज़ैनब ने इस सम्बन्ध में एसपी से शिकायत की है। ज़ैनब के अनुसार एसपी ने उसे रिपोर्ट दर्ज कराने का आश्वासन दिया है।

# श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब के प्रकाशोत्सव पर निकाला गया भव्य नगर कीर्तन

## नगर कीर्तन में ऐतिहासिक तस्वीरों ने गुरु इतिहास को प्रदर्शित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब के प्रकाशोत्सव पर नगर में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में महिलाएं कीर्तन कर रही थीं तथा बच्चे व युवा करतब दिखा रहे थे। नगर कीर्तन में ऐतिहासिक तस्वीरों ने जहां गौरवमयी गुरु इतिहास को प्रदर्शित किया, वहीं पंज प्यारों की अगुवाई में निकले कीर्तन में सिख धर्म की सेवा, सिमरन, साहस को दर्शाते आयोजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। नगर कीर्तन का कई स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। शनिवार को नजीबाबाद के गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान नरेंद्र सिंह वाधवा व मुख्य ग्रंथी मानजेंद्र सिंह आदि की देखरेख में गुरुद्वारा से नगर कीर्तन का शुभारंभ मुख्यअतिथि थाना प्रभारी राहुल सिंह, सरदार बलवीर सिंह प्रधान नरेंद्र सिंह बाधवा, सचिव हरेंद्र सिंह झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। नगर कीर्तन में गुरु गोविंद सिंह के पावन नाम की धूम रही, सबसे आगे पंज प्यारे चल रहे थे, उनके पीछे बच्चे, शबद कीर्तन जत्था व श्री गुरुग्रंथ साहिब महाराज की पालकी थी। बैंड शबद गायन की धुन बजाते चल रहा था। कीर्तनी जत्थों ने शबद गायन से संगत को निहाल किया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर तहसील मार्ग, अम्दू खा चौक, चौक बाजार, कल्लूगंज, चौक जगन्नाथ से होते हुए गुरुद्वारा पर ही जाकर सम्पन्न हुआ। नगर कीर्तन के दौरान जगह-जगह भंडारा, चाय व अन्य खाने-पीने के सामान के स्टाल लगाकर उसका वितरण किया गया। नगर कीर्तन में शामिल लोगों पर नगर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में नजीबाबाद के साथ कोटद्वार, बड़िया, जट्टीवाला, ताहरपुर, कंडरावाला, लालवाला आदि क्षेत्रों की संगत भी शामिल हुई। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ नगर कीर्तन में शामिल रहे। नगर कीर्तन में मनमोहन सिंह, एसपी खन्ना, नरेंद्र सिंह, जगमोहन सिंह, बलवीर सिंह, सर्वजीत सिंह, दीपजोत सिंह, रूपेंद्र कौर, कमलजीत कौर, नोना सिंह, गोसी, तनप्रीत कौर, बलजीत कौर, टिंक्कल कक्कड़, रूपेंद्र कौर, जितेंद्र कक्कड़ आदि मौजूद रहे।


नगर कीर्तन में शामिल पंज प्यारे।

## मुस्लिम समाज के लोगों ने भी किया नगर कीर्तन का स्वागत

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर में गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाले गए नगर कीर्तन में गंगा-जमुना तहजीब को बरकरार रखते हुए हर साल की तरह इस साल भी मुस्लिम समाज के लोगों ने डॉक्टर शाकिर खान व जाहिद खान आदि के नेतृत्व में कोल्हू वाली मस्जिद के सामने कीर्तन के पहुंचने पर नगर कीर्तन में शामिल सिख समाज के लोगों का गुलदस्ते देकर अभिनंदन एवं स्वागत किया। साथ ही उनकी सेवा करते हुए उन्हें चाय, बिस्किट व फल वितरित किये। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ. शाकिर खान, फिरासत खान, इस्तेखार, राजू, सलमान, सरफराज, असलम, रब्बानी, जुबैर खान के साथ मौहल्ले के जिम्मेदार लोग शामिल रहे। वहीं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने डॉ. शाकिर खान, जाहिद खान व फिरासत खान को उनकी इस सेवा भाव के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा गले लगाकर बधाई दी।


नगर कीर्तन का चाय से स्वागत करते मुस्लिम समाज के लोग।

## नवागत थाना प्रभारी ने पैदल गश्त किया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। पैदल गश्त के दौरान उन्होंने क्षेत्र वासियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। इस मौके पर नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि उनका उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था को कायम रखना है। अपराधियों में खौफ बनाकर क्षेत्र को भयमुक्त बनाना है। पैदल गश्त के दौरान अवधेशानंद पुलिस चौकी इंचार्ज संजय कुमार व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## चेयरमैन मुअज्जम ने किया ओपन जिम का उद्घाटन



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने अपने वादे के अनुसार शहरवासियों के लिए शनिवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित स्टैब्स ग्राउंड (मिनी स्टेडियम) पर ओपन जिम का फीता काटकर उद्घाटन किया। शहरवासियों ने चेयरमैन के इस कार्य की जमकर सराहना की। इस मौके पर चेयरमैन ने कहा कि ओपन जिम के शुभारंभ से क्षेत्र के युवाओं, बुजुर्गों व आम नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। ओपन जिम से लोग नियमित व्यायाम कर सकेंगे जिससे वह स्वस्थ जीवनशैली अपना सकेंगे। भविष्य में भी शहर के विभिन्न स्थानों पर ऐसी जनहितकारी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह ओपन जिम बड़ों के साथ बच्चों के लिए मनोरंजन का सबसे बड़ा साधन साबित होगा। चेयरमैन द्वारा मिनी स्टेडियम में ओपन जिम की स्थापना को एक सराहनीय पहल माना जा रहा है। नगरवासियों ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे स्वास्थ्य की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इस अवसर पर मास्टर असलम, मौ. इब्राहीम कुरैशी, सभासद इरशाद अहमद, मौ. अजमल खान, नसीम अहमद, फराज, फैसल, राकेश जुनेजा, शाहनवाज शानू, शहबाज अंसारी आदि मौजूद रहे।

## पूर्णिमा पर्व पर 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ आयोजित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। शान्तिकुन्ज के 16 जनपदो के जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में पूर्णिमा पर्व पर 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ आयोजित किया गया। नजीबाबाद जोन समन्वयक डीपी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर महायज्ञ का शुभारंभ किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने 9 कुण्डीय गायत्री यज्ञ संपन्न कराते हुए कहा कि यज्ञ चिकित्सा विज्ञान है। यज्ञ त्याग का, परमार्थ का नाम है। देव संस्कृति के निर्माता यज्ञ पिता व गायत्री माता है। गायत्री मंत्र महामंत्र है। गायत्री मंत्र गुरु मंत्र है। गायत्री मंत्र चारों वेदों का सार है। गायत्री मंत्र सद्बुद्धि का मंत्र है। लालेंद्र राजपूत व परिवाजक महेश चंद्र ने प्रेरणा प्रद गीत प्रस्तुत किये। गायत्री शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेंद्र सिंह ने सपत्नीक कलश पूजन किया। सारिका अग्रवाल, पुष्पा शर्मा, रिंकी सिंह ने मंत्रोच्चारण किया। नीलम बरनवाल, आशा गुप्ता, शशि चौधरी, एचपी गुप्ता, मंगू सिंह आदि मौजूद रहे।

## वैश्य समाज ने विधायक डॉ. नीरज बोरा का स्वागत किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा व उनके पुत्र वत्सल बोरा, भाजपा नेता डॉ. विवेक तोमर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से प्रात नजीबाबाद पहुंचे। जहां अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट के नेतृत्व में भारी संख्या में वैश्य समाज, व्यापारियों व महाकाल भक्त मंडल परिवार द्वारा उनका फूल माला, अंग वस्त्र एवं राम दरबार का चित्र भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया। विधायक डॉ. नीरज बोरा सिद्धबली मंदिर कोटद्वार पहुंचे जहां उन्होंने पवन पुत्र हनुमान को नमन कर आशीर्वाद लिया व भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। नजीबाबाद लौटते वक्त जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट विधायक डॉ. नीरज बोरा को नजीबाबाद क्षेत्र के पौराणिक मोरध्वज मंदिर पर लेकर गए। जहां नीरज बोरा ने भगवान आशुतोष का पंचामृत से स्नान कराया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड., युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, सौरभ कुमार, देवेंद्र प्रजापति, पलक अग्रवाल, अंकित, ऋषभ, अमित चौहान, संजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सागर, आकाश, रोहित, विशाल आदि मौजूद रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम खानपुर व मायापुरी के बीच एवन ढाबे के सामने दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।


महीपाल का फाइल फोटो

जानकारी के मुताबिक ग्राम लालपुर मान उर्फ मानपुर निवासी महीपाल उर्फ पप्पू (56 वर्ष) मोटर साइकिल से नांगल की ओर आ रहा था कि सामने से आ रही एक बुलेट मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। घटना में महीपाल का एक पैर टूट गया तथा हेलमेट न होने के कारण सिर में गम्भीर चोट लगी। उधर, बुलेट चालक हेलमेट लगा होने के कारण सुरक्षित बच गया। सूचना मिलने पर महीपाल को उसके परिजन बिजनौर के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गये, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

# बिजली के चार खम्भों, दुकान व ठेला तोड़कर ट्रक पलटा

**सहसपुर ( चिंगारी )।** गत रात्रि लगभग साढ़े 12 बजे स्योहारा की ओर से आ रहा एक ट्रक ने बस स्टैण्ड पर सुल्तान कन्फैक्शनरी, बिजली के 4 खम्भों और सड़क किनारे खड़े चाट के ठेले को तहस-नहस कर दिया और खुद भी पलट गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। दुर्घटना के बाद चालक फरार हो गया। ट्रक में चावल की बोरी भरी हुई थीं और मेरठ से आ रहा था। हादसे के बाद चावल की बोरियां रोड पर फैल गईं। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया।




# फर्जी डाक्टर प्रकरण की जांच के लिये दो कमेटियों का गठन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मेडिकल अस्पताल में फर्जी डाक्टर पकड़े जाने के मामले की जांच के लिये जिलाधिकारी तथा मेडिकल कालेज की प्राचार्या ने अलग-अलग कमेटी गठित की है। जिलाधिकारी ने सीएमओ व एडीएम न्यायिक की कमेटी गठित की है, जबकि मेडिकल कालेज की प्राचार्या डा. उर्मिला कार्या द्वारा गठित जांच कमेटी ने सीएमएस डाक्टर बीआर त्यागी, डा. रजनीश शर्मा व डा. विजयन्त को शामिल किया गया है।

बता दें कि शुक्रवार को मेडिकल अस्पताल में डा. तुषार की ओपीडी में एक नकली डाक्टर मरीजों को देख रहा था और बाकायदा दवाई के पर्चे भी लिख रहा था। शक होने पर अस्पताल के स्टाफ ने भी नकली डाक्टर का भंडाफोड़ किया था। बताया जाता है कि नकली डाक्टर डा. तुषार के निजी अस्पताल का कर्मचारी था। इस मामले में डाक्टर तुषार की भूमिका संदिग्ध है। जांच रिपोर्ट आने के बाद उन पर गाज गिरने की संभावना है।

## अस्पताल प्रशासन की मिलीभगत से चल रहा था गोरखधंधा

**नकली डाक्टर द्वारा प्रत्येक मरीज के पर्चे पर एक दर्जन से अधिक दवाई लिखी जा रही थीं। इनमें कई दवाइयां बाहर मेडिकल स्टोर की लिखी जा रही थीं। पर्चे में लिखी गई कई दवाई अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं। बताया जाता है कि यह फर्जी डाक्टर पिछले दो महीनों से ओपीडी में बैठकर मरीज देख रहा था। या तो अस्पताल प्रशासन को इसकी भनक नहीं लगी, या उनकी मिलीभगत थी। डा. तुषार के साथ-साथ अस्पताल प्रशासन भी इसके लिये पूरी तरह जिम्मेदार है। देखना है जांच समितियों की रिपोर्ट में किस-किस पर गाज गिरती है।**

# ट्रेन में चढ़ते समय गिरने से घायल

**चंदक ( चिंगारी )।** आज सुबह ट्रेन संख्या 14113 लिंक एक्सप्रेस में चढ़ने के प्रयास के दौरान एक व्यक्ति नीचे गिर गया। ट्रेन के साथ घिसटने के कारण उसके शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बिजनौर ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायल व्यक्ति को इससे पहले कस्बे में आवारा घूमते हुए भी देखा गया था। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

# रॉयल क्लब ने बांटे 600 लिहाफ



**नहटौर ( चिंगारी )।** रॉयल क्लब नहटौर ने स्व. नसीम अहमद सैफी जाट की याद में 33वां लिहाफ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 600 से अधिक लोगों को लिहाफ वितरण किये गए। रविवार को मदरसा फैज उल उलूम नहटौर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने कहा कि रॉयल क्लब गरीबों, मजलूमों के लिए कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। हर वर्ष रॉयल क्लब लिहाफ वितरण कर गरीबों, मजलूमों की सेवा कर रहा है। स्व. नसीम अहमद के पुत्र जावेद सैफी जाट अपने पिता की खिदमत को बरकरार रखे हुए है। गरीबों ने कंबल पाकर रॉयल क्लब की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीरज जैन और संचालन मकसूद राणा ने किया। इस मौके पर गुलाम साबिर सिद्दीकी, पवन जैन, परवेज सैफी, उबैद सैफी, कमल वर्मा, डा. खलील अहमद, डॉ. अहमद, डॉ. फैसल अनवर, इकबाल सिद्दीकी, तारिक रब्बानी, शौकीन मलिक, शाकिर प्रधान, हारून प्रधान, डीलर शाहनवाज, असद फारूकी, मौ. फैजान, अमीर अहमद, रईस कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# किरतपुर के अंदर, पकड़े जा रहे बंदर

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद किरतपुर के अध्यक्ष अब्दुल मन्नान व अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के निर्देशानुसार फर्म के माध्यम से बंदरों को पकड़वाया जा रहा है।



गौरतलब है कि नगर में बंदरों ने उत्पात मचा रखा है, जिस कारण नगरवासी परेशान हो रहे है, जिसको पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए नगर में उत्पाती बंदरों को पकड़वाकर दूर जंगल में सुरक्षित स्थान पर छुड़वाने हेतु आदेश जारी किये, जिसके क्रम में बंदर पकड़ने वाली टीम ने नगर मे से कल 60 बंदरों को पकड़ते हुए उनको नगर से दूर जंगल में सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ने का काम शहर मै निरंतर चलता रहेगा।

# किसानों के वाहनों पर लगवाये रिफ्लेक्टर



**बिजनौर ( चिंगारी )। गौरी शंकर ठाकुर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ( प्रवर्तन ), बिजनौर और श्री मुन्नालाल, यात्रीकर अधिकारी, बिजनौर द्वारा जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा का प्रचार-प्रसार किया गया, जिसके अन्तर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए ग्रामीणों को दुपहिया वाहन चलाते हुये हेलमेट का प्रयोग करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग करने की अनिवार्यता एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने हेतु जागरुक किया गया तथा नशे की हालत में कदापि वाहन न चलाने हेतु भी प्रेरित किया गया। यातायात के नियमों का पालन करने हेतु बताया गया और कई किसानों के वाहनों पर गौरी शंकर ठाकुर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ( प्रवर्तन ), बिजनौर ने रिफ्लेक्टर लगाए गए, जिससे कोई दुर्घटना घटित न हो और जीवन सुरक्षित रहे।**

# जरूरतमंदों को लिहाफ/कंबल तकसीम किये



मौलाना कासमी, जावेद विकास, शेख सुलेमान, कारी शकील को सम्मानित करते आयोजक।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शहर की मारूफ तंजीम राष्ट्रीय मानवाधिकार एकता संगठन के ज़ेरे-एहतमाम जरूरतमंद और गरीब लोगों में लिहाफ, कंबल तकसीम किए गए। सर्दी के मौसम को देखते हुए तंजीम की यह कोशिश काबिले-तारीफ रही।


इस मौके पर शहर के उलेमा, दानिशवरों और सियासी शख्सियतों को भी शॉल ओढ़ाकर एज़ाज़ से नवाज़ा गया। प्रोग्राम के खुसूसी मेहमान मौलाना शाह शफीक अहमद कासमी ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना बहुत बड़ा नेक काम है। उन्होंने कहा कि नौजवानों का इस तरह गरीबों की खिदमत करना समाज के लिए मिसाल है। पूर्व विधायक शेख सुलेमान ने कहा कि गरीबों और मजलूमों की मदद करना इंसानियत का तकाज़ा है। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में लिहाफ तकसीम करना वक्त की अहम ज़रूरत थी, जिसे तंजीम ने पूरा किया। प्रोग्राम की सदारत कर रहे कारी शकील फैजी ने कहा कि तंजीम काफी अरसे से फलाही और समाजी कामों में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि तंजीम आगे भी इसी तरह खिदमते-खल्क का काम करती रहेगी। इस मौके पर मुफ्ती जहीर नदवी ने कहा कि ऐसे फलाही कामों में वह हमेशा तंजीम के साथ हैं। तंजीम के कौमी सदर वकील अहमद और खज़ानची अशरफ अब्बासी ने यकीन दिलाया कि आगे भी जरूरतमंदों के लिए ऐसे प्रोग्राम मुनकिद किए जाते रहेंगे। प्रोग्राम में निजामुद्दीन कस्सार, उजैर आलम, मौलाना असद रहीमी, मौलाना असलम अब्बासी, मौलाना एलतमिश, नईम मलिक, कारी वसीम अहमद, कारी नईम अहमद, मौलाना शुएैब, सलीम मलिक समेत बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे। आखिर में तंजीम की जानिब से मौलाना शाह शफीक अहमद कासमी, पूर्व विधायक शेख सुलेमान, नगरपालिका चेयरपर्सन के शौहर जावेद विकार और कारी शकील फैजी को शॉल ओढ़ाकर एज़ाज़ से नवाज़ा गया।

## गरीबों की मदद करना पुण्य का काम - मौलाना कासमी



# कैसे करें आंखों की देखभाल ?





❍ 20:20:20 नियम :

**हर 20 मिनट स्क्रीन देखने के बाद 20 फीट दूर किसी चीज को 20 सेकेंड तक देखें। यह आंखों को थकने से बचाता है।**

❍ **सही रोशनी में काम करें :-**

बहुत तेज या मंद रोशनी आंखों पर जोर डालती हैं। पढ़ते समय या कंप्यूटर चलाते वक्त कमरे में संतुलित रोशनी रखे। अंधेरे में देर तक और लेटकर मोबाइल या कम्प्यूटर न चलाएं।

❍ **पलकें झपकाना न भूलें :** एकटक स्क्रीन देखने से आंखों की नमी कम हो जाती है। हर थोड़ी देर में आंखें झपकाते रहें।

❍ **स्क्रीन से सही दूरी :** मोबाइल या लैपटॉप आंखों से कम से कम 18-24 इंच की दूरी पर रखें। लेटकर मोबाइल न देखें।

❍ **संतुलित आहार लें :** विटामीन ए, सी, ई ओमेगा-3 फैटी एसिड और हरी पत्तेदार सब्जिया खाएं, आहार में मछली, गाजर, पालक, अखरोट व आंवला शामिल करें।

❍ **धूप का चश्मा लगाएं :** यूवी किरणों से आंखों की सुरक्षा के लिए धूप में धूप का चश्मा पहनें।

❍ डायबिटीज और बीपी पर नियंत्रण रखें : डायबिटीज व बीपी के मरीज अपनी दवाओं में लापरवाही न करें। साथ ही साल में एक बार आंखों की जांच जरूर कराएं।

❍ लेंस पहनते हैं तो उनकी सफाई पर खास ध्यान दें। नमी या गंदगी संक्रमण की आशंका बढ़ा देते हैं।

❍ आंखों को रगड़े नहीं। नजर कमजोर है तो सही नम्बर का एंटी ग्लेजर चश्मा पहनकर काम करें।

❍ आंखों में खुजली, दोहरा दिखना, भारीपन, रोशनी में आंखें चुंधियाना या हर समय सिर दर्द रहता है तो आंखों के डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

## क्यों बढ़ रहीं आंखों की बीमारियां?

स्क्रीन से अधिक इस्तेमाल के कारण आंख व सिर में दर्द, थकान, ड्राई आई के मामले बढ़ रहे हैं। लगातार एसी कमरों में स्क्रीन के सामने बैठना आंखों की कुदरती नमी कम कर देता है, इससे आंखों में जलन, खुजली व सूखापन बढ़ता है। महानगरों का अधिक प्रदूषण भी आंखों के प्राकृतिक सुरक्षा तंत्र को कमजोर कर रहा है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में ड्राई आई के मामले बीते दो वर्षों में 34 प्रतिशत तक बढ़े हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण गांव व शहर, दोनों क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी और शुष्क हवाएं आंखों की समस्याएं बढ़ा रही हैं। पोषण की कमी, कम रोशनी में काम करना, प्राकृतिक रोशनी से दूरी भी आंखों को नुकसान पहुंचाते हैं।

## बीपी, डायबिटीज और तनाव का असर

**डायबिटीज :** भारत में 7 करोड़ से ज्यादा लोग डायबिटीज से पीड़ित है। उसमें हर चौथे व्यक्ति में आंखों की नसें कमजोर पड़ चकी हैं (डायबिटिक रेटिनोपैथी)। स्मार्ट इंडिया स्टडी के अनुसार, 15 प्रतिशत डायबिटीज से पीड़ित मरीज नजर की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनमें से ज्यादातर आंखों की नियमित जांच पर ध्यान नहीं देते।

**उच्च रक्तचाप:** हाई बीपी से आंखों की नसों में खून का दबाव बढ़ जाता है, जिससे हाइपरटेंसिब रेटिनोपैथी हो सकती है। बीपी के मरीजों में आंखों की समस्याएं दो गुना अधिक होती हैं।

**तनाव :** लगातार मानसिक तनाव से ग्लूकोमा का खतरा बढ़ता है। तनाव से नींद प्रभावित होती है, जिससे आंखों में थकान व सूजन जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं। तनाव-प्रेरित हार्मोनल बदलाव के कारण ग्लूकोमा तेजी से बढ़ने लगता है। तनाव के कारण लोग सही उपचार में लापरवाही करते हैं। वहीं दृष्टि दोष से ग्रसित लोग अवसाद और सामाजिक अलगाव का अनुभव करते हैं, जो उनके तनाव को और बढ़ा देता है।

## आंखों की जांच कब कराएं?

**आमतौर पर हर दो साल में आंखों की जांच की सलाह दी जाती है। इसके अलावा उम्र के इन पड़ावों पर आंखों की जांच जरूर कराएं**

❍ **जन्म के समय :** आंखों में संरचना संबंधी गड़बड़ी व किसी भी दृष्टिदोष की जांच के लिए।

❍ **तीन या पांच साल :** बच्चे के स्कूल जाना शुरू करने से पहले आंखों की जांच करा लेनी चाहिए।

❍ **चालीस साल :** आंखों की सेहत में आने वाले बदलावों की जांच में उपयोगी है।

❍ **साठ साल :** मोतियाबिंद, ग्लूकोमा व मैक्युलर डिजनरेशन आदि की जांच। बीपी व मधुमेह है तो हर साल आंखों की जांच कराएं।

# एक फूल, जो सिर्फ भारत में खिलता है

***शिरूई लिली नामक पुष्प मणिपुर राज्य के उखरूल जिले में मई-जून में साल में सिर्फ एक महीने के लिए ही खिलता है***

दुनिया में एक ऐसा दुर्लभतम पुष्प है, जिसने खिलने के लिए सिर्फ भारत की भूमि को चुना है। यह साल में करीब एक महीने के लिए खिलता है। इसके दोबारा खिलने के लिए ग्यारह महीने का इंतजार करना होता है। जब यह पुष्प खिलता है, उस दौरान मणिपुर सरकार उत्सव मनाती है। देश-दुनिया के प्रकृति प्रेमी इसे देखने के लिए पैदल ही 6,500 से 8,500 फुट ऊंचे पहाड़ पर चढ़ते हैं।

यह पुष्प है शिरूई लिली, जिसे वैज्ञानिक रूप से लिलियम मैकलिनिया के नाम से जाना जाता है। यह एक दुर्लभ और मनमोहक गुलाबी-सफेद पुष्प है जो इंफाल से लगभग 83 किलोमीटर दूर उखरूल जिले में शिरूई हिल रेंज में खिलता है। इस जिले में मुख्य रूप से तंगाखुल नागा रहते हैं, जो इस क्षेत्र की सबसे पुरानी और सबसे जीवंत जनजातियों में से एक है। वनस्पतिशास्त्री डा. फ्रैंक किंगडन वार्ड की पत्नी जीन मैकलिन के नाम पर इसका वैज्ञानिक नाम रखा गया, जिन्होंने 1946 में पहली बार इस पुष्प को देखा था। शिरूई लिली को अंतर्राष्ट्रीय पहचान तब मिली जब रॉयल हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी ने 1950 में अपने लंदन फ्लॉवर शो में इसे प्रतिष्ठित मेरिट से सम्मानित किया। 1989 में इस मणिपुर का राजकीय पुष्प घोषित किया गया। यह फूल न केवल जैव विविधता का प्रतीक है, बल्कि मणिपुर की सांस्कृतिक और पारंपरिक पहचान का भी अहम हिस्सा है। मणिपुर का पर्यटन विभाग हर वर्ष 20 से 24 मई तक इस गांव शिरूई फेस्टिवल का आयोजन करता है।

यह फूल हर साल मई और जून के महीनों में खिलता है। यह पुष्प लगभग एक से तीन फुट तक की ऊंचाई में बढ़ता है। एक ही तने पर छह से सात पंखुड़ियों का यह पुष्प हल्के गुलाबी रंग का होता है, जिसमें नीले या बैंगनी रंग की झलक होती है। कुछ फूलों में सिरों पर नीले रंग की छाया देखने को मिलती है, जसे स्थानीय लोग आंसू की बूंद कहते हैं। इसमें हल्की और मोहक खुशबू होती है, जो इसे और भी आकर्षक बनाती है। स्थानीय लोग इसे देवताओं का फूल कहते हैं, क्योंकि यह अत्यंत सुंदर और रहस्यमय होता है और वर्ष में कछ ही दिनों के लिए खिलता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण इस पर संकट के बादल भी मंडराने लगे हैं।



# कुछ ऐसा खायें, जो हार्ट को मजबूत बनाये!

रोज के खानपान में कुछ चीजों को शामिल करना हृदय रोगों की आशंका कम कर सकता है। हृदय रोग विशेषज्ञ डा. बिमल छाजेड़ खाने की कुछ ऐसी चीजें बता रहे है जो कोलेस्ट्रॉल और बीपी काबू रखने में आपकी मदद कर सकती है...

**काले अंगूर:-** काले अंगूरों में रेस्वेराट्रोल नामक एंटीऑक्सीडेंटस पर्याप्त मात्रा में होते हैं। यह तत्व हानिकारक कोलेस्ट्राल को कम खे हुए रक्त कोशिकाएं स्वस्थ रखने में मदद करता है। **सेब :-** इनमें फाइबर, पॉलीफेनॉल्स भरपूर मात्रा में होते है, जो बीपी और कोलेस्ट्राल को काबू खते हुए दिदल को स्वस्थ रखते हैं। **नाशपाती :-** इस फल में पोटेशियम होता है, जो दिल की धड़कनों को नियमित रखता है। रक्तचाप ठीक रखने में भी मदद मिलती है। **ताजा सलाद व जूस :-** कच्ची सब्जियां जैसे खीरा, टमाटर और गाजर से बना ताजा सलाद नियमित खाएं। इससे फाइबर, विटामिन्स और मिनरल्स मिलते है, जो दिल समेत पूरे शरीर को स्वस्थ रखते हैं। **ओट्स :-** ओट्स में घुलनशील फाइबर अधिक मात्रा में होते हैं। ये एलडीएल के स्तर को कम रखते हैं और धमनियां साफ रहती हैं, जिससे रक्त संचार बेहतर बना रहता है। **हरी पत्तेदार सब्जियां :-** पालक, केल आदि हरी पत्तेदार सब्जियों में नाइट्रेट भरपूर मात्रा में होता है, इससे रक्तचाप कम रखने में मदद मिलती है और रक्तवाहिकाएं मजबूत होती हैं। **ग्रीन टी :-** ग्रीन टी में केटेचिन्स और एंटीऑक्सीडेंटस होते है, जो रक्तसंचार और कोलेस्ट्राल ठीक रखने में मदद करते हैं। **कम वसा वाला दूध :-** प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर दूध हृदय समेत पूरे शरीर के लिए अच्छा रहता है। दिल की सेहत के लिये कम वसा युक्त दूध पिएं।

## काम की बात

# कल जो होगा देखा जाएगा

**यह गारंटी नहीं दे सकता कि आनेवाला कल ठीक वैसा होगा, जैसा आपने सोचा है। तो क्या काम न कया जाए ? यह सुविधा आपे पास नहीं है, काम तो करना होगा। आप बस अपना सौ प्रतिशत दें, बाकी कल पर छोड़ दें।**

**एक बात समान रूप से सब पर लागू होती है। अपना आने वाला कल कसी ने नहीं देखा। ऐसे में यह चिंता सताती रहती है कि क्या करें, क्या नहीं ? कुछ बुरा हो गया तो क्या होगा ? आध्यात्मिक व प्रेरक वक्ता एक्हार्ट टल्ल कहते हैं, हम जीवन से अनिश्चितताओं को दूर नहीं कर सकते। हम जब अनिश्चितताओं में सहज हो जाते है तभी हमारे लिए अनंत संभावनाएं खुलती हैं।**

**अपने भीतर यह भरोसा पैदा करें कि जो होगा, आप उसे संभाल लेंगे। इसके लिए कौशल बढ़ाएं। आने वाले कल की चिंता किए बिना पूरे मन और हिम्मत से काम करते रहे। माउनटेन इज यू की लेखिक ब्रायना विएस्ट कहती हैं, आगर आप ईमानदारी और अच्छी मंशा से काम करते हैं तो डरने की बात ही नहीं है।**

## क्या करें, क्या न करें ?

**हमारे मन में एक साथ बहुत कुछ चलता रहता है। समझ नहीं आता कि क्या करें ? अनिश्चितता के एसे क्षणों में कुछ बातों का ध्यान रखना हमारी दुविधा को को कम कर सकता है-**

1 हमें स्वयं तक सीमित नहीं होना चाहिए। हमें अपने आसपास के परिवेश समाज और लोगों के बारे में भी सोचना चाहिए कि हमारे काम का उन पर क्या असर होगा ?

2 कभी भी दो नावों में पै नहीं फंसाएं। बेशक, आप एक बार में बहुत सारे काम अच्छी तरह निपटा देना चाहते हैं, लेकिन समझदारी इसी में है कि प्राथमिकता के हिसाब से एक बार में एक ही कार्य को पूरी लगन और मेहनत से करें। आप पाएंगे कि काम ढंग से पूरे होते है और गलती भी कम होती है।

3 जब भी आप किसी कार्य को करने का बीड़ा उठाएं, तो उसमें पूरी ईमानदारी बरतें। उस काम में पूरी तरह डूब जाएं। ऐसा महसूस करें क आपके जीवन का उद्देश्य उस समय सिर्फ उस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करना है। ऐसा सोचना हमारी दुविधाओं को कम करता है, मन शांत हो जाता है।

4 अक्सर, हम रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों से तनाव में आ जाते है। हमी सोच का दायरा बेहद सीमित होता है। हम घर और दफ्तर से अधिक कुछ सोच ही नहीं पाते। कभी कभी इस पर भी गौर करें कि हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण क्या है ? जीवन का उददेश्य क्या है ? हमारा आज का काम हमारे कल पर कैसा असर डाल सकता है ? अपनी वर्तमान दशा और दिशा पर सोचते रहना, हमें समय और जरूरत के हिसाब से काम करने में मदद करता है।

**प्रस्तुति :- पूनम जैन**

# नगर कल्याण समिति ने बांटे कंबल

धामपुर (चिंगारी)। नगर कल्याण समिति के अध्यक्ष लाला नरेंद्र कुमार गुप्ता के बड़ी मंडी स्थित आवास पर आज प्रात: कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सतवंत सिंह सलूजा, मंडल अध्यक्ष जावेद रहमान शम्सी, नगर अध्यक्ष एसपी सलूजा, सरदार गुरु शरण सिंह मोहन, सरदार सतपाल सिंह चावला, महिला शिक्षा सभा अध्यक्ष विजय कुमार, नगर कल्याण समिति के अध्यक्ष लाला नरेंद्र कुमार, सचिव अब्दुल बारी, अनिल शर्मा एडवोकेट, डॉक्टर कमाल अहमद, अनिल शर्मा इंजीनियर, प्रमोद अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, संजय अग्रवाल मुनिया, राजीव कुमार गोयल, शिवेंद्र कुमार अग्रवाल, गोविंद शरण गुप्ता, पवन अग्रवाल एडवोकेट, राकेश चंद्र अग्रवाल, जावेद सईद, शमीम अहमद फल वाले, शिवेंद्र अग्रवाल, गोविंद शरण गुप्ता, डॉ. अजहर अंसारी, सौरभ अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर कल्याण समिति के महामंत्री अब्दुल बारी ने किया।



कंबल वितरण करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

## चेयरमैन ने कहा- सहयोग करते रहें

**नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने कहा कि नगर कल्याण समिति के सभी पदाधिकारी नगर के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए नगर पालिका परिषद का सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करते रहे। उन्होंने कहा कि यह नगर हम सबका है और इसके विकास के लिए हम सभी को मिलजुल कर कार्य करना है, यदि नगर पालिका के कार्य में कोई कमी महसूस देती है, तो आप समय-समय पर अवगत कराते रहे।**

## 45 वर्षों से कार्य कर रही समिति - लाला नरेन्द्र

**कार्यक्रम में नगर कल्याण समिति के अध्यक्ष लाला नरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि नगर कल्याण समिति पिछले 45 वर्ष से कार्य कर रही है। इसमें सभी लोगों का सहयोग मिलता रहता है। मास्टर अख्तरुल्लाह खान ने भी संस्था में सहयोग प्रदान किया। आपसी प्रेम और भाईचारा बनाए रखने में सभी सहयोग करते हैं। सिख समाज, हिंदू समाज का ही अंग है, जहां रोटी बेटी का संबंध बना रहता है। हिंदुस्तान का ब्रेन दुनिया में सबसे बेहतर है, भारत की सभ्यता और संस्कृति में सभी मिलजुल कर रहते हैं। आपसी प्रेम से बड़ी दुनिया में कोई चीज नहीं।**

# आशा देवी की पुण्यतिथि मनायी

धामपुर (चिंगारी)। जे.पी. एण्ड सन्स प्रतिष्ठान परिवार की ओर से अपनी संस्थापिका स्व.आशा देवी धर्मपत्नी स्व. पं.जयप्रकाश शर्मा (मैनेजर धामपुर शुगर मिल) की ग्यारहवीं पुण्यतिथि, प्रतिष्ठान के मुख्यालय शुगर मिल तिराहे पर परिवारजनों द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके मनायी गई। इस अवसर पर उनके पुत्र जितेन्द्र कुमार शर्मा, सुनील शर्मा, रोहित गौतम, पुलकित गौतम, (पौत्र) इशान्या, देवान्या (प्रपौत्री)और अव्युक्त गौतम (प्रपौत्र) द्वारा श्रद्धा-सुमन अर्पित किये गये।इस मौके पर राहगीरों को चाय, समोसे, बिस्किट इत्यादि वितरित किये गये। इस अवसर पर टीकम सिंह, संतराम शर्मा, रतिराम वैद्य, राजपाल सिंह, रोशन सिंह प्रधान, बलराम सिंह, विनोद शर्मा, सुनील मिश्रा, गौरव शर्मा, अमित, मौनू, देवेन्द्र, हरि विष्ट, वजाहत अली, महताब और निजाम आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शंकर लाल शर्मा ने किया।



स्वर्गीय आशा देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्चित करते हुए परिजन।

# नगर कीर्तन का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया

धामपुर (चिंगारी)। श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाले गए नगर कीर्तन का स्वागत करने वालों में सपा के जिला उपाध्यक्ष महमूद हसन कस्सार, राजा कस्सार, फैंसी जराह, नौशाद सलमानी, जाहिद हसन, साजिद, मुजाहिद, शौकत, अमन, फैसल आदि शामिल रहे। भगत सिंह चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने नगर पालिका स्टाफ के साथ संगत का स्वागत किया। इनके अलावा नरेश कुमार कैटर्स, हंगामा लोक समिति के संरक्षक डॉक्टर जितेंद्र कौशिक, गौरव दुआ, राखी कौशिक, उपासना कौशिक, निर्मला कौशिक, शशिबाला शर्मा, गौरव दुआ, शीतल, तारा जोशी, कुमुद जैन, सचिन जैन, रोहित, सुषमा रस्तोगी, उदित मिश्रा ने खारी कुआं पर पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया।



नगर कीर्तन के स्वागत के लिए तत्पर महमूद कस्सार व अन्य सपा कार्यकर्ता।

श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन समिति के सेवादारों सुशील कुमार, ललित, राजेंद्र सैनी, विपिन कुमार, रोशन सैनी, मोहित सक्सेना, आकाश राजपूत, नोबाहर सिंह, ललित, नीरज सैनी, रोहन सैनी, दीपक सैनी ने रेलवे स्टेशन रोड पर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया। मेंन मार्केट में कुलदीप सिंह मोगा, सिमरनजीत सिंह मोगा, सर्वजीत सिंह मोगा के परिवार की ओर से तथा बड़ी मंडी में नगर कल्याण समिति की ओर से नगर कीर्तन में शामिल संगत का स्वागत किया। नगर के पंजाबी मार्केट, स्टेशन रोड, डॉक्टर जाकिर हुसैन रोड, नेताजी सुभाष मार्ग पर भी स्वागत किया गया।

# जिला प्रशासन के प्रयासों से लगातार, जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहा सुधार

ऋषिकेश (चिंगारी)। जिला प्रशासन देहरादून के सद् प्रयासों से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार हो रहा है। मुख्यमंत्री के कड़े निर्णय, स्पष्ट मार्गदर्शन तथा जिलाधिकारी सविन बंसल के समर्पण एवं निगरानी के परिणामस्वरूप जनपद देहरादून में विकास कार्य तेजी से धरातल पर उतर रहे हैं। विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। 142.91 लाख की लागत से अत्याधुनिक ब्लड बैंक का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसी वित्तीय वर्ष में जिला चिकित्सालय को अपना ब्लड बैंक प्राप्त हो जाएगा। ब्लड बैंक के संचालन से मरीजों एवं तीमारदारों को रक्त की उपलब्धता हेतु इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

### मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सशक्तिकरण

जिलाधिकारी के प्रयासों एवं प्रभावी निगरानी के परिणामस्वरूप जिला चिकित्सालय में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 12 नवम्बर 2024 को 6 बेड से प्रारम्भ हुई स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट एसएनसीयू वर्तमान में दोगुनी क्षमता के साथ संचालित की जा रही है। इसका विस्तारीकरण 17.03 लाख, की धनराशि से किया गया है। इस आधुनिक यूनिट में दो मदर वार्ड स्टाफ रूम, 24×7 सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है, जिससे सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हुई है।

### नवजातों को मिल रहा जीवन दायी उपचार

एसएनसीयू के प्रारम्भ से अब तक स्वास्थ्य सेवाओं का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। प्रारम्भिक अवधि में 51 नवजातों को उपचार का लाभ मिला। जनवरी 2025 से वर्तमान तक 440 से अधिक नवजातों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया है। नवजातों को अस्पताल तक लाने एवं आवश्यकतानुसार उच्च स्तरीय जांच हेतु अन्य चिकित्सालयों में भेजने के लिए जिलाधिकारी द्वारा एक डेडिकेटेड वाहन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसी क्रम में नवजातों को ईको परीक्षण हेतु कोरोनेशन अस्पताल भेजा गया।

# वन विभाग द्वारा जिन 12 वार्डों पर की जायेगी कार्रवाई उसके संबंध में नगर निगम ने बोर्ड की बैठक बुलाई

### सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर किया विचार

ऋषिकेश (चिंगारी)। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वन विभाग की भूमि के आदेशों के अनुपालन में नगर निगम द्वारा बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जो मुख्य रूप से नगर निगम अंतर्गत आने वाले उन 12 वार्डों की स्थिति पर केंद्रित रही, जहाँ वर्तमान में वन विभाग द्वारा कार्यवाही की जाने की संभावना है। बैठक में नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वह आम जनमानस के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बोर्ड के सदस्यों ने उन हजारों परिवारों की चिंता व्यक्त की जो दशकों से इन क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं। बैठक में तय किया गया कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों का बारीकी से अध्ययन कर, नियमानुसार जो भी उचित कानूनी कदम होंगे वे तत्काल उठाए जाएंगे।

बैठक की अध्यक्षता नगर निगम महापौर शंभू पासवान द्वारा की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन हेतु वकीलों से परामर्श हेतु नई दिल्ली प्रस्थान करेगा प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों को राहत पहुंचाने और वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए प्रशासन और वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि हम न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हैं, किंतु हमारा प्राथमिक उत्तरदायित्व अपने नागरिकों के हितों की सुरक्षा करना भी है। नगर निगम प्रशासन नियमों के दायरे में रहकर हर संभव प्रयास करेगा ताकि प्रभावित 12 वार्डों के निवासियों को न्यूनतम असुविधा हो और उनके पक्ष को मजबूती से रखा जा सके। नगर निगम प्रशासन सभी नागरिकों से धैर्य बनाए रखने की अपील करता है और आश्वस्त करता है कि इस संवेदनशील मामले में प्रशासन पूरी संजीदगी के साथ कार्य कर रहा है।



# ओछी राजनीति कर रही कांग्रेस- महेन्द्र भट्ट

## प्रदेश अध्यक्ष ने 57 लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी




**कोटद्वार (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी, कोटद्वार की ओर से शनिवार को पनियाली स्थित वन विभाग के सभागार में जिला कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 57 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के संकल्प तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। लोकसभा, विधानसभा, निकाय, पंचायत और सहकारी संघों में भाजपा को मिल रही जीत साबित करती है। भाजपा सरकार जन अपेक्षाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है, यही वजह है कि अपने घटते जनाधार से बौखलाकर कांग्रेस ओछी एवं घटिया राजनीति पर उतर आई है।

जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा के भाव से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियां सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर आधारित हैं, जिनका लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने नगर विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं और जनसुविधाओं के विस्तार में केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के कारण विकास कार्यों में गति आई है। प्रदेश मंत्री और राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट सतीश लखेड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सबसे पुरानी पार्टी होने के बावजूद आज एक टूलकिट बन कर रह गई है। उन्होंने कहा कि अंकिता के मामले में लगातार जनता के बीच भ्रम फैलाया जा रहा है। सरकार की निष्पक्ष जांच और प्रभावी पैरवी के कारण दोषी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। कांग्रेस दिवंगत बेटी पर राजनीति न करे, बल्कि जिम्मेदार विपक्ष की तरह व्यवहार करे। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष के कोटद्वार पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने कौड़िया बैरियर में उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजेंद्र अन्थवाल, सिंचाई सलाहकार समिति उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल, उमेश त्रिपाठी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख महेन्द्र राणा, लघु उद्योग प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक मधुसूदन बलूनी और जिला पंचायत सदस्य प्रमिला बलूनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खेल महाकुंभ में बालक-बालिकाओं ने दिखाया दमखम

**कोटद्वार (चिंगारी)।** विकासखंड दुगड्डा के न्याय पंचायत सिमलना के खेल महाकुम्भ का आयोजन इंटर कॉलेज पोखरी अजमीर के खेल मैदान में किया गया। खेल महाकुम्भ का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार गौड़ व प्रधानाचार्य दिनेश राणा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात आयोजित खेलों में अंडर 19 बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रधोवन, आयुष, दिव्यांशु व 400 मीटर दौड़ में प्रधोवन, तरुण व ऋषभ व 800 मीटर दौड़ में रोहन, मोहित व तरूण ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ में शिवांशु, मोहित व अभिषेक व 5000 मीटर दौड़ में तरुण, अभिषेक व शिवांशु ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 लंबी कूद में अमन, रोहन व नितीश ऊंची कूद में राहुल, मोहित व अमन चक्का फेंक में नितिन, शिवांशु व अमन गोला फेंक में प्रधोवन, आयुष व दिव्यांशु भाला फेंक में राहुल, रोहन व अभिषेक क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। अंडर 19 बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में वैशाली, अंजलि, श्रुति 200 मीटर दौड़ में सृष्टि, दीपिका, आकांक्षा 400 मीटर दौड़ में वैशाली, अंजलि, रुचिता 800 मीटर दौड़ में सोनाक्षी, नेहा व खुशी 1500 मीटर दौड़ में सृष्टि, दीपिका, आकांक्षा 3000 मीटर दौड़ में दीपिका, श्रुति, रुचिता क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीटीए अध्यक्ष राजेंद्र केष्टवाल, संतोष देवलियाल, चंडी प्रसाद कुकरेती, निशा कुकरेती, अनीता नेगी, विक्रम शाह, ललिता रावत, राजकुमारी, हिमानी जुयाल, पंकज कुमार, मनोज जोशी आदि मौजूद रहे।

# कोटद्वार की तीन बेटियों का हॉकी टीम में चयन

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए ग्वालियर रवाना

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार की तीन प्रतिभावान बेटियों का उत्तराखंड की हॉकी टीम में चयन हुआ है। ये बालिकाएं 7 जनवरी तक ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना हो गई हैं। शनिवार को यह जानकारी देते हुए इन बालिकाओं के कोच तेजेंद्र सिंह ने बताया कि तीनों बालिकाएं जीआईसी घमंडपुर की छात्रा हैं, जिनमें प्राची रावत पुत्री भारत सिंह रावत व कल्पना पुत्री गजपाल सिंह का चयन उत्तराखंड अंडर-14 टीम व पल्लवी पुत्री कुलदीप चंद का चयन उत्तराखंड अंडर-19 टीम में हुआ है। तीनों ही बालिकाएं राष्ट्रीय हाकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए टीम के अन्य सदस्यों के साथ रवाना हो गई है। वहीं छात्राओं की इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार सहित शिवम नेगी सहित अन्य खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# रासेयो की स्वयंसेवी छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान

**कोटद्वार (चिंगारी)।** एमकेवीएन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कण्वघाटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर राजकीय बालिका इण्टर कालेज घमण्डपुर में शनिवार से आरंभ हो गया है। शिविर का शुभारम्भ करते हुए मुख्य अतिथि जनार्दन प्रसाद ध्यानी ने स्वयंसेवियों को अनुशासन व कठिन परिश्रम करने से भविष्य में होने वाली उन्नति के बारे में बताया गया। कहा कि अनुशासन ही एकमात्र साधन है जिससे भविष्य को संवारा जा सकता है। विद्यालय की शिक्षा निदेशिका सिन्धु कोठारी द्वारा स्वयंसेवियों को शिविर के माध्यम से जीवन में होने वाले लाभों के विषय में बताया गया वहीं कार्यक्रम अधिकारी नितिश कुमार द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर में होने वाली गतिविधियों के विषय में बताया गया। तत्पश्चात रासेयो स्वयं सेवियों ने प्रथम दिवस की गतिविधियों के अंतर्गत विद्यालय में सफाई अभियान चलाया।

# टीवी कलाकार श्रेष्ठी रोड़ी आईं परमार्थ निकेतन

## गंगा आरती में किया सहभाग




**ऋषिकेश (चिंगारी)।** हिन्दी टेलीविजन जगत की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री श्रेष्ठी रोड़ी ने परमार्थ निकेतन में स्वामी चिदानन्द एवं साध्वी भगवती के सानिध्य में मां गंगा की आरती में सहभाग किया। परमार्थ निकेतन पहुंचकर उन्होंने कहा कि ऋषिकेश की दिव्यता, गंगा जी की निर्मल धारा और स्वामी जी के सान्निध्य ने भीतर तक स्पर्श किया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने इस अवसर पर कहा कि मां गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, संस्कृति और चेतना हैं। स्वामी जी ने टेलीविजन जैसे सशक्त माध्यम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टीवी केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी के जागरण एवं मार्गदर्शन का प्रभावी माध्यम है। यदि कलाकार अपने जीवन और कर्म के माध्यम से सकारात्मकता, संवेदनशीलता और संस्कारों को आत्मसात करें, तो उनका प्रभाव अनेकों दर्शकों के जीवन में प्रेरणा का स्रोत बन सकता है। साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए आंतरिक शांति और आत्म-चेतना अत्यंत आवश्यक है। श्रेष्ठी रोड़ी ने अपने भाव साझा करते हुए कहा कि टेलीविजन कलाकार होने के नाते उनकी जिम्मेदारी केवल अभिनय तक सीमित नहीं है, बल्कि वे अपने कार्य से युवाओं को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा देना चाहती हैं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को कांग्रेसियों ने दिखाये काले झंडे

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार स्थित एक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध झेलना पड़ा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाकर उनका विरोध किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को कोटद्वार में एक स्कूल के वार्षिकोत्सव में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को बतौर मुख्य अतिथि निमंत्रित किया गया था। इसकी जानकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी थी। शनिवार को जैसे ही उनका काफिला नजीबाबाद रोड पहुंचा, कांगेस कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाते हुए उनका विरोध करना आरंभ कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस ने किसी तरह उनके वाहन को निकाला। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर अंकिता भंडारी के दोषियों को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस भाजपा के मंसूबों को सफल नहीं होने देगी।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए पिएं अल्कलाइन वॉटर



**बॉडी को हेल्दी बनाने के लिए अल्कलाइन वॉटर काफी बेहतर होता है। यह शरीर में जमे टॉक्सिन्स को आसानी से बाहर निकालने में मदद करता है।**



**आज के समय में अनहेल्दी खान-पान के कारण शरीर में विषैले तत्व जमा हो जाते हैं। कई बार शरीर में जमे इन टॉक्सिन्स के कारण थकान, पेट की गड़बड़ी, स्किन प्रॉब्लम्स और इम्यून सिस्टम भी कमजोर होने लगता है। ऐसे में शरीर में जमे इन विषैले तत्वों को आप आसानी से बाहर निकालकर अपने बॉडी को डिटॉक्स कर सकते हैं। इसके लिए अल्कलाइन वॉटर एक बेहतर ऑप्शन हो सकता है।**

### अल्कलाइन वॉटर के फायदे

अल्कलाइन वॉटर शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालता है और लिवर को हेल्दी बनाए रखता है।

इसके सेवन से एसिडिटी की समस्या कम हो जाती है।

यह स्किन और बालों के लिए फायदेमंद होता है। इसके सेवन से टॉक्सिन्स निकल जाते हैं, जिससे स्किन ग्लोइंग और बाल मजबूत बनते हैं।

अल्कलाइन वॉटर मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, जिससे फैट बर्न करना आसान होता है।

यह शरीर को हाइड्रेट करके थकान को दूर करता है और एनर्जी लेवल बढ़ाता है।

## क्या है अल्कलाइन वॉटर?

अल्कलाइन वॉटर नॉर्मल पानी की तुलना में अलग होता है। दरअसल, इस पानी का पीएच लेवल सामान्य पानी की तुलना में अधिक होता है। सामान्य पानी का पीएच करीब 7 होता है, जबकि अल्कलाइन वॉटर का पीएच लेवल 8 या उससे ज्यादा होता है। यह शरीर में एसिडिक के प्रभाव को कम करता है और फ्री रेडिकल्स से लड़ने में भी मदद करता है।

## घर पर कैसे बनाएं अल्कलाइन वॉटर?

आप अल्कलाइन वॉटर को घर पर ही तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले एक जग में एक नींबू के स्लाइस, खीरे के टुकड़े, कुछ पुदीने की पत्तियां और चुटकीभर सेंधा नमक डालें। इसे कम से कम 6 से 8 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखें। इसके सेवन से काफी लाभ मिलता है।

---

# स्पाइडर प्लांट को सूखने से कैसे बचाएं?



**इंडोर प्लांट्स में स्पाइडर प्लांट को लगाना लोग खूब पसंद करते हैं। गर्मियों के दिनों में इनकी पत्तियां मुरझाने लगती हैं। ऐसे में जानिए कैसे करें स्पाइडर प्लांट की केयर।**

स्पाइडर प्लांट बेहद खूबसूरत इंडोर हाउस प्लांट्स में से एक है। ये न केवल देखने में खूबसूरत होते हैं बल्कि लोग इसे घर के लिविंग रूम, किचन, बालकनी और स्टडी रूम में लगाते हैं। स्पाइडर प्लांट हवा को साफ करता है। इतना ही नहीं यह घर से टोल्यूनि, कार्बन मोनोऑक्साइड और जाइलीन को कम करता है। इसे आप हैंगिंग बास्केट में भी लगा सकते हैं। इसे आप ऑफिस में भी लगा सकते हैं। गर्मियों में कई बार ये पौधा सूखने लगता है। ऐसे परेशान होने की जरूरत नहीं है। आपको कुछ आसान तरीके अपनाकर इस प्लांट की केयर करनी चाहिए।

**स्पाइडर प्लांट की ऐसे करें केयर**

गर्मियों में स्पाइडर प्लांट की केयर के दौरान आपको कुछ चीजों का ध्यान रखना चाहिए।

गर्मियों में स्पाइडर प्लांट की मिट्टी को सूखने न दें। पानी ध्यान से डालें। लेकिन पौधे की जड़ों में पानी का जलभराव न होने दें। ऐसा करने से पौधा खराब होने लगेगा। प्लांट में पानी की कमी या अधिकता हो रही है इस बात का पता आप पत्तियों को देखकर लगा सकते हैं। पत्ती जब भूरे रंग की होने लगें तो आपका प्लांट सूखने वाला है।

**स्पाइडर प्लांट में कितना पानी डालें?**

स्पाइडर प्लांट में कोशिश करें की RO या बारिश का पानी डालें। बहुत ज्यादा गर्म या ठंडा पानी न डालें। सीधे नल से पानी न डालें।

**स्पाइडर प्लांट में खाद कितनी बार डालें?**

स्पाइडर प्लांट में आप महीने में 1 से 2 बार खाद डाल सकते हैं। दानेदार उर्वरक डालेंगे तो ज्यादा अच्छा रहेगा। उर्वरक निर्देशों को पढ़कर उनका पालन करें। इससे आपको पता चलेगा कि कितनी मिट्टी में कितना खाद डालना चाहिए।



# जड़ से लेकर पत्तों तक कई बीमारियों लाभदायक गिलोय



**गिलोय के सेवन से बॉडी आसानी से डिटॉक्स हो जाता है और पाचन बेहतर होता है।**

**गमले में गिलोय का पौधा कैसे उगाएं?**

**स्टेप-1**

गिलोय को गमले में लगाने के लिए आप इसकी कटिंग का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले गिलोय की लगभग 6-8 इंच लंबी हरी और मोटी बेल की एक शाखा काट लें। अब इसे लगभग दो घंटे के लिए पानी में भिगो दें।

**स्टेप-2**

गिलोय लगाने के लिए आप 10-12 इंच का गमला चुन सकते हैं। साथ ही यह भी ध्यान दें कि गमले में पानी निकलने के लिए एक छेद भी हो। अब मिट्टी में गोबर की खाद और थोड़ी बालू मिलाकर एक मिश्रण तैयार करें। इसमें गिलोय की कटिंग को पानी से निकालकर लगभग 3 इंच गहराई में मिट्टी में दबा दें। फिर ऊपर से हल्का पानी डालें। इस गमले को हल्की धूप वाली जगह पर रखें। इस प्रकार लगभग 15-20 दिनों में गिलोय जड़ पकड़ लेगी और धीरे-धीरे बढ़ने लगेगी।

**गिलोय के पौधे की देखभाल कैसे करें?**

गिलोय के पौधे की देखभाल करना काफी आसान होता है। इसकी पत्तियों में कम ही कीड़े लगते हैं। ऐसे में कीटनाशक की कम ही जरूरत होती है। हालांकि, बेल होने के कारण इसको सहारे की जरूरत होती है। ऐसे में आप इसे किसी छड़ी, तार या दीवार का सहारा दे सकते हैं। आप महीने में एक बार इसमें खाद डाल सकते हैं।

# दहेज मुक्ति अभियान कमेटी अफ़ज़लगढ़



मौलाना शौकत अली मज़ाहिरी

द्वारा 02 जनवरी को मेघपुर तिराहा स्थित रॉयल पैलेस में व 03 जनवरी को नेज़ो सराय स्थित मदरसा जामिउल उलूम में आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम में तशरीफ़ लाए मेहमानाने किराम, तमाम ज़िम्मेदार हज़रात, युवाओं, मां-बहनों का दिल की गहराइयों से



अब्दुल रज़्ज़ाक ठेकेदार

## बहुत-बहुत शुक्रिया

-:मिनजानिब:-



शुऐब कुरैशी



नदीम इदरीसी



रिजवान अंसारी



वाजिद अल्वी



शमीम अहमद माहीगीर



सुरुश अनवर मसूद एड.



फहीम कस्सार

दहेज मुक्ति अभियान कमेटी अफ़ज़लगढ़ (बिजनौर)


## उप्र में आईएएस कैडर की संख्या बढ़ी, पीसीएस अधिकारियों को मिलेगा प्रमोशन का लाभ

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) कैडर की स्वीकृत संख्या बढ़ाकर 683 कर दी है। पहले यह संख्या 652 थी। इसके लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (कैडर शक्ति निर्धारण) विनियम, 1955 में संशोधन करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (कैडर शक्ति निर्धारण) आठवां संशोधन विनियम, 2025 अधिसूचित किया गया है। यह निर्णय 31 दिसंबर को आधिकारिक गजट में प्रकाशित होते ही प्रभावी हो गया। यह संशोधन अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 के तहत उत्तर प्रदेश सरकार से परामर्श के बाद किया गया है। इसके तहत कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने पीसीएस से आईएएस में पदोन्नति के लिए नौ नए पद जोड़े हैं। इन नौ नए पदों और पहले से रिक्त 18 पदों को मिलाकर कुल 27 पदों पर पीसीएस अधिकारियों की पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। इससे वर्ष 2010 और 2011 बैच के पीसीएस अधिकारियों के आईएएस बनने का रास्ता साफ हो गया है।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
Experiance Minimum 1 Years
(समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक)

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road, Bijnor-246701
Ph- 9240083911